


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 54/ अंक 11/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## असम का अहोम 'मोइदम' यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल, CM हिमंत बिस्वा सरमा ने की घोषणा



असम में अहोम राजवंश की टीला-दफन प्रणाली 'मोइदम्स' को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया।यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चल रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र के दौरान लिया गया।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, जो उपस्थित थे, ने कहा, यह असम सरकार के प्रयासों और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के माध्यम से संभव हुआ, हमें विश्व विरासत सूची में 43वें भारतीय को शामिल करने पर गर्व और आभारी हैं। मीटिंग में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर इसकी घोषणा की। यह पहली बार है कि उत्तर पूर्व की किसी साइट ने सांस्कृतिक श्रेणी के तहत यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में जगह बनाई है। और काजीरंगा और मानस राष्ट्रीय उद्यानों के बाद, यह असम की तीसरी विश्व हैरीटेज साइट है, उन्होंने पोस्ट किया। मोइदमों के नामांकन, विशेष रूप से अहोम राजवंश के लोगों को, स्मारक और स्थलों पर अंतर्राष्ट्रीय परिषद (आईसीओएमओएस) द्वारा समर्थन दिया गया है।मोइदाम अहोम राजवंश द्वारा उपयोग किए जाने वाले दफन टीले हैं, जिन्होंने 13वीं से 19वीं शताब्दी तक असम पर शासन किया था।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स के बारे में अच्छी खबर, नासा ने दिया अपडेट

बैरी विल्मोर के साथ 5 जून को अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरने वाली नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को एक सप्ताह बाद



पृथ्वी पर लौट आना था। लेकिन, स्टारलाइनर के थ्रस्टर में खराबी के कारण उनकी वापसी को रोक दिया था। डेढ़ महीने से दोनों अंतरिक्ष यात्री स्पेस स्टेशन में ही रुके हुए हैं।

सुनीता विलियम्स के बारे में अच्छी खबर आई है कि 'नासा' और बोइंग के इंजीनियर ने स्टारलाइनर स्पेसशिप के थ्रस्टर के परीक्षण का काम पूरा कर लिया है। स्पेसशिप की वापसी की योजना बनाने के लिए नासा और बोइंग इन परीक्षणों के पूरा होने का इंतजार कर रहे थे। थ्रस्टर्स को नियंत्रित करने वाले हीलियम के टैंक स्टारलाइनर की लॉन्च से पहले लीक कर रहे थे, जिससे लॉन्च में देरी हुई थी। पिछले महीने अधिकारियों ने बताया था कि अंतरिक्ष यान में 70 घंटे की हीलियम है। जबकि, वापसी के लिए केवल 7 घंटे की हीलियम की जरूरत है। इस महीने की शुरुआत में अधिकारियों ने कहा था कि अगर जरूरत पड़ी, तो अंतरिक्ष यान कभी भी वापस का सकता है। हालांकि, यह भी कहा कि वे ऐसा करने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। आखिरी अपडेट में नासा और बोइंग ने कहा कि इस महीने के अंत में वापसी की उड़ान हो सकती है।

## यूपीएससी ने परीक्षा पैटर्न बदलने का फैसला किया, सीसीटीवी से निगरानी की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** पूजा खेड़कर विवाद के बाद यूपीएससी ने अपना परीक्षा पैटर्न बदलने का फैसला किया है। यूपीएससी ने अपनी परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए उन्नत डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाने का फैसला किया। आयोग उम्मीदवारों के लिए अत्याधुनिक आधार आधारित फिंगरप्रिंट प्रमाणीकरण और चेहरे की पहचान को शामिल करने की योजना बना रहा है। अभी यूपीएससी ने अधिकारिक रूप से ऐसे कदमों की घोषणा नहीं की, लेकिन समझा जा रहा है कि जल्द ही नई तकनीक अपनाकर परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। आयोग ने धोखाधड़ी और जालसाजी को रोकने के लिए नई तकनीक के साथ अपनी परीक्षा प्रणाली में सुधार करेगा। सरकारी परीक्षाओं में धोखाधड़ी और जालसाजी के हालिया मामलों के बीच ये जरूरी भी हो गया था। परीक्षाओं के दौरान धोखाधड़ी और नकल को रोकने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके क्लोज सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) निगरानी, ई-एडमिट कार्ड की क्यूआर कोड स्कैनिंग जैसे तकनीकी समाधानों की भी योजना बनाई जा रही है।




## जगन मोहन रेड्डी पर चंद्रबाबू नायडू का बयान बोले, 'आंध्र प्रदेश है 'गांजा कैपिटल', जगन मोहन हैं 'पाब्लो एस्कोबार



गुरुवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी पर खूब तंज कसा। रेड्डी को उन्होंने कोलंबिया के नारको टेररिस्ट पाब्लो एस्कोबार जैसा बता दिया। पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी को लेकर गुरुवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बेहद विवादित बयान दिया। कोलंबिया के ड्रग माफिया पाब्लो एस्कोबार से नायडू ने जगन मोहन की तुलना कर दी। नायडू ने विधानसभा में श्वेत पत्र जारी करते हुए आंध्र प्रदेश जगन मोहन रेड्डी के शासन काल के दौरान देश का 'गांजा कैपिटल' बन गया था।

## MP में दो सीनियर IAS आमने- सामने, कंसोटिया के आदेश को वर्णवाल ने बदला, जानिए क्या है मंत्री की भूमिका

कटनी की झिन्ना खदान एक बार फिर चर्चाओं में है। इस बार इसकी कहानी थोड़ी अलग है। क्या है कि अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने वन विभाग के पूर्व एसीएस वन जेएन कंसोटिया के उस आदेश को पलट दिया है, जिसमें कटनी जिले के ढीमरखेड़ा के गांव झिन्ना की



खदान के मामले में सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी वापस लेने का आदेश दिया गया था। अब इसकी इनसाइड स्टोरी यह है कि वन मंत्री रहे नागर सिंह चौहान (अब एससी कल्याण मंत्री) ने इसी खदान से जुड़ी फाइल पर लिखा था कि एसएलपी वापस ली जाए। अब नए अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने मंत्री के फैसले वाली फाइल पर एसएलपी वापस न लेने को लिखा है। अपने आदेश को तत्काल अमल में लाने के लिए कंसोटिया ने बाकायदा कटनी डीएफओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब वर्णवाल के आदेश के बाद वन महकमे में सवाल उठ रहा है कि आखिर किस दबाव में आकर पूर्व एसीएस कंसोटिया ने एसएलपी वापस लेने का आदेश जारी किया था।









### कारगिल विजय दिवसः पीएम ने आतंकवाद के आकाओं को दी चुनौती

# दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगाः मोदी

**लद्दाख।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। वे कारगिल वॉर मेमोरियल भी गए। करीब 20 मिनट के संबोधन में पीएम ने पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की।

पीएम ने कहा कि आज मैं इस मंच से बोल रहा हूं। यहां से आतंकवाद के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई दे रही है। मैं उन्हें कह देना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। साथियों लद्दाख हो या फिर जम्मू कश्मीर विकास के सामने आ रही हर चुनौती को भारत परास्त करके ही रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज लद्दाख की ये महान भूमि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की गवाह बन रही है। कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि किस तरह हमारी सेनाओं ने इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया था। मैं देश को विजय दिलाने वाले ऐसे सभी शूरवीरों को आदरपूर्वक प्रणाम करता हूं। मैं उन शहीदों को नमन करता हूं, जिन्होंने कारगिल में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

कारगिल विजय दिवस बताता है कि देश की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने वालों के नाम अमिट रहते हैं। ये देश उनके लिए कृतज्ञ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था। लेकिन सत्य की भी जीत हुई है। उस समय भारत शांति के लिए कार्य कर रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने विश्ववासघात किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तान ने अपने इतिहस से कुछ नहीं सीखा। पाकिस्तान आतंकवाद और छद्म युद्ध के सहारे खुद को प्रांसगिक प्रयास कर रह है।

कुछ लोगों की मानसिकता यही थी कि सेना मतलब नेताओं को सलाम करना, परेड करना। हमारे लिए सेना मतलब 140 करोड़ देशवासियों की सुरक्षा, शांति की गारंटी। अग्निपथ योजना के जरिए इसे हमने साकार किया है। दुर्भाग्य से इतने संवेदनशील विषय को कुछ लोगों ने राजनीति का विषय बना दिया है।

### दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनने वाली टनल की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल वॉर मेमोरियल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद लद्दाख में शिंकुन ला टनल प्रोजेक्ट के लिए पहला वर्चुअल ब्लास्ट किया। यह दुनिया की सबसे ऊंचाई पर बनने वाली टनल है। समुद्र तल से इसकी ऊंचाई करीब 15,800 फीट है। यह हिमाचल प्रदेश की लाहौल वैली को लद्दाख की जास्कर वैली से जोड़ेगी।

### प्रधानमंत्री ने शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट किया

प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअल माध्यम से शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट किया। यह सुरंग लद्दाख को हर मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। इस सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी ट्विन-ट्यूब टनल भी शामिल है, जिसका निर्माण निमू-पदुम-दारचा रोड पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर किया जाएगा।



## फुहारों के बीच शौर्य स्मारक पहुंचे सीएम मोहन यादव, बलिदानी सैनिकों को किया नमन

भोपाल में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राजधानी में रिमझिम फुहारों के बीच अरेरा हिल्स पर स्थित शौर्य स्मारक पहुंचे और पुष्पचक्र अर्पित कर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी एवं उनके पराक्रम को याद किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शौर्य स्मारक को भारतीय थल सेना के सौजन्य से वॉर ट्रॉफी के रूप में प्राप्त दो टी-55 टैंक का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी एवं सेना की सुदर्शन चक्र कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग प्रीतपाल सिंह भी उपस्थित रहे।





## मानसूनः गुजरात के 10 जिलों में बाढ़, सूरत में 1 लाख लोग प्रभावित, आज 18 राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के कई जिलों में तेज बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। राज्य के 18 जगहों पर एनडीआरएफ और मुंबई, ठाणे, रायगढ़, पालघर, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा और सांगली में एसडीआरएफ की तैनाती की गई है। पुणे में 24 घंटे में 114 मिमी बारिश हुई। यह 66 साल में तीसरा हाईएस्ट रहा।

इससे पहले 19 जुलाई 1958 को 24 घंटे में 130.4 मिमी और 27 जुलाई 1967 को 117.9 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।



यहां आज भी रेड अलर्ट जारी किया गया है। स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। इसके अलावा रायगढ़ और रत्नागिरी में मुंबई यूनिवर्सिटी के कॉलेजों में परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। उधर, गुजरात में तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। यहां 10 से ज्यादा जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। सूरत में 24 घंटे में 5 इंच बारिश से मीठी और काकरा खाड़ी नदियां ओवरफ्लो हो रही हैं। यहां बाढ़ से करीब 1 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, 955 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया गया है।

## एक अच्छी पहल

समाचार पत्र केवल खबरों के संवाहक ही नहीं होते हैं, समाज को सही दिशा देने का काम भी करते हैं। यही कारण है कि कई स्कूलों में बच्चों को समाचार पत्र पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे बच्चों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हो। इसी संदर्भ में हाल में रायसेन के जिला



शिक्षा अधिकारी ने एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में कहा है- समस्त सहायक संचालक/विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने विकासखंड अधीनस्थ समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में दैनिक समाचार पत्र मंगवाने एवं उनके मुख्य समाचारों का वाचन प्रार्थना सभा में प्रतिदिन पृथक-पृथक छात्र से करवाने हेतु समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें। जिससे कि छात्र-छात्राओं में दैनिक समाचार पत्र पढ़ने में रूचि उत्पन्न हो एवं उनका बौद्धिक विकास हो सके। आज जिस तरह से बच्चों में पुस्तकें पढ़ने के प्रति अरुचि पैदा हो रही है और मोबाइल के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है, उससे न केवल उनकी आंखों और सेहत को नुकसान हो रहा है, अपितु उनमें गेम्स आदि की लत भी पड़ती जा रही है। समाचार पत्र पढ़ना इस लिहाज से बेहतर उपाय होता है। कई स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों से समाचार पत्रों की हैडलाइन पढ़वाई जाती है। रायसेन जिला शिक्षा अधिकारी भी बच्चों में सामान्य ज्ञान बढ़ाने और उनमें सकारात्मक खबरों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से जो आदेश जारी किया है, उसके लिए वो बधाई के पात्र हैं। हमारा मानना है कि विद्यालयों में समाचार पत्रों की सकारात्मक और ज्ञानवर्धन खबरों को बच्चों को पढ़ाया जाए। इससे उनका सामान्य ज्ञान भी बढ़ेगा और उनके अंदर समाज के प्रति कुछ करने की ललक भी पैदा होगी।

## बीजेपी नेता प्रभात झा का निधन, पुश्तैनी गांव कोरियाही में होगा अंतिम संस्कार



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा का शुक्रवार को निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और पिछले कुछ वक्त से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। उन्होंने आज सुबह चार बजकर 20 मिनट पर मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके पुत्र तुष्मुल ने यह जानकारी दी। वह 67 वर्ष के थे।

उनकी अंत्येष्टि 27 जुलाई को बिहार के सीतामढ़ी जिले में स्थित पुश्तैनी गांव कोरियाही में की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, और भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह लोधी के साथ अनेक नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रभात झा को जून माह के अंत में भोपाल के एक निजी अस्पताल से एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम ले जाया गया था। कुछ दिन पहले सीएम मोहन यादव भी उनका हालचाल जानने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल पहुंचे थे। निधन की खबर के बाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा व अन्य नेता मेदांता अस्पताल पहुंचे और स्व. झा के पुत्र व अन्य परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया।





प्रभात झा का जन्म 4 जून 1957 को बिहार के दरभंगा के हरिहरपुर गांव में हुआ था। कुछ समय बाद उनका परिवार मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आकर बस गया। यहीं पर उनकी शिक्षा-दीक्षा हुई। । उन्होंने एक पत्रकार के रूप में अपना करियर शुरू किया था।

### स्वर्गीय प्रभात झा के पुत्र तुष्मुल का संदेश

जिस सुबह का डर पिछले 20 दिनों से था आखिर वह सुबह आज आ ही गयी। बाबा आज सुबह 4 बजकर 20 मिनट पर अनंत लोक प्रस्थान कर गए और तुषमूल एवं अयतन को अकेला छोड़ गए।हम सब चाहते थे कि बाबा की कर्म स्थली मध्य प्रदेश(ग्वालियर) में उनकी अंत्येष्टि हो, लेकिन बाबा ने हमारे माता जी से कभी इच्छा जाहिर की थी कि उनकी अंत्येष्टि जन्म धरती पर एवं जहां मेरे दादाजी की अंत्येष्टि हुई थी वहीं उनकी भी अंत्येष्टि हो।

भावनाओं के अनुरूप बाबा की अंत्येष्टि कल 27 जुलाई को 3 बजे हमारे पुश्तैनी गांव कोरियाही, जिला सीतामढ़ी, बिहार में होगी।

**संपर्क सूत्र- अयत्न झा 78282 82828, प्रफुल झा 95045 15835, अंजनी कुमार झा 8076250239।**

# पद्मश्री श्रीमती सुनील डबास जनपरिषद द्वारा सम्मानित



**भोपाल।** पद्मश्री श्रीमती सुनील डबास को जनपरिषद द्वारा एक अनौपचारिक समारोह में सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने उन्हें सम्मान पत्र भेंट किया।श्रीमती सुनील डबास जनपरिषद की महिला शाखा की अध्यक्ष भी हैं।श्रीमती डबास कबड्डी की एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रही है। उन्होंने एशियाड सहित अनेक स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया।बता दें कि जब तक वे भारतीय कबड्डी टीम के लिए खेलती रही, तब तक उनकी टीम एक भी गेम नहीं हारी।

## सैमसंग इंडिया ने नए एसी लॉन्च किए

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने नए विंडफ्री एयर कंडीशनर लॉन्च किए हैं। ये एसी चिल्ड वॉटर-आधारित कैसेट यूनिट में आते हैं और विंड फ्री और 360 डिग्री ब्लेडलेस तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। ये नई तकनीक उपभोक्ताओं को सीधे ठंडे हवा के झोंके के बिना बेहतर कूलिंग प्रदान करती है। चिल्ड वॉटर आधारित कैसेट यूनिट्स उपभोक्ताओं को अपने मनचाहे तापमान सेट करने की सुविधा देती हैं। विंडफ्री कूलिंग टेक्नोलॉजी 0.15 मीटर/सेकंड की हवा की गति से 15,000 छोटे-छोटे एयर होल्स के जरिए धीरे-धीरे ठंडी हवा फैलाती है। एडवांस एयर फ्लो सिस्टम चुपचाप काम करते हुए कमरों को तेजी से ठंडा करता है और केवल 24 डीबी ( ) की बहुत हल्की आवाज उत्पन्न करता है, जो इसे शयन कक्षों, अध्ययन कक्षों और बच्चों के कमरों के लिए आदर्श बनाता है।ई फैन कॉइल यूनिट विंडफ्र एसी को पानी के पाइप और वाल्व का उपयोग कर के एक सेंट्रल चिल्ड वाटर सिस्टम से जोड़ा जाता है।

## गुजरात स्थित ट्रॉम इंडस्ट्रीज लिमिटेड का आईपीओ 29 को बंद होगा

**अहमदाबाद एजेंसी।** ट्रॉम इंडस्ट्रीज लिमिटेड को मूल रूप से ट्रॉम सोलर के नाम और शैली के तहत 08 अगस्त, 2011 को एक साझेदारी फर्म के रूप में शामिल किया गया था। 10 अप्रैल 2019 को आयोजित भागीदारों की बैठक में पारित एक प्रस्ताव के अनुसार हमारी कंपनी को एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित कर दिया गया। हमारी कंपनी का नाम बदलकर ट्रॉम इंडस्ट्रीज लिमिटेड कर दिया गया। ट्रॉम इंडस्ट्रियल लिमिटेड एक सौर ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) कंपनी है जो आवासीय सौर छत प्रणाली, औद्योगिक सौर ऊर्जा संयंत्र, जमीन पर लगे सौर ऊर्जा संयंत्र और सौर स्ट्रीट लाइट में विशेषज्ञता रखती है। अब इसने गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 को आरंभिक सार्वजनिक पेशकश की घोषणा की है। यह 2,727,600 शेयरों (कुल मिलाकर ?31.37 करोड़ तक) का बुक-बिल्ट इश्यू है। इश्यू की लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई इमर्ज) के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर होगी।

## न्यू बीएमडब्ल्यू सीई 04: भारत में पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर

**गुरुग्राम, एजेंसी।** बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने अपने फर्स्ट इलेक्ट्रिक प्रोडक्ट - ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू सीई 04 . इंडियाष्ज़ फर्स्ट प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है। यह अर्बन इलेक्ट्रिक स्कूटर कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में मिलेगा औरभारत के सभी प्रमुख महानगरीय केंद्रों मेंबुक किया जा सकता है।इसकी डिलीवरी सितंबर 2024 से शुरू होगी। अपनी इलेक्ट्रिक ड्राइव, फॉरवर्ड-लुकिंग डिजाइन और नवीनतम टेक्नोलॉजी के साथ यह नया स्कूटर एक नए मोबिलिटी अनुभव के लिए बनाया गया है। स्कूटर के कम वजन और मोटरबाइक की टेक्नोलॉजी को मिलाकर अर्बन एन्वाइरन्मेंट के लिए एक उपयुक्त स्कूटर तैयार किया गया है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, ऑल-न्यू बीएमडब्ल्यू सीई 04 स्कूटर बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया में एक संपूर्ण नए युग की शुरुआत है। यह शहर के लिए बनाया गया न्यू इलेक्ट्रिक स्टार्ट है। शान्त, तेज और फुर्तीला बीएमडब्ल्यू सीई 04शहर में आसानी से प्रवेश करता है और अर्बन विस्तार को खेल का मैदान बना देता है। यह भविष्यवादी और इनोवेटिव स्टाइल के साथ डिजाइन स्टेटमेंट के मामले में शानदार है।

## न्यू मिनी फैमिली ने मिनी कूपर एस और ऑल-इलेक्ट्रिक मिनी कंट्रीमैन को लॉन्च किया गया

**मुंबई, एजेंसी।** न्यू मिनी फैमिली को मिनी कूपर एस और नई ऑल-इलेक्ट्रिक मिनी कंट्रीमैन के लॉन्च के साथ भारत में एक नया ठिकाना मिल गया है। ये कारें कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में मिलेंगी और इन्हें देश भर में सभी मिनी ऑथराइज्ड डीलर्स के साथ ही शाप डाठ इन पर बुक किया जा सकता है। इसकी डिलीवरी सितंबर 2024 से आरंभ होगी। मिनी कूपर एस की फिफ्थ जनरेशन और इलेक्ट्रीफाइड थर्ड जनरेशन मिनी कंट्रीमैन में मिनी बॉडी लैंग्वेज एवं ओरिजिन्स के बुनियादी सिद्धांतों के साथ प्रोग्रेसिव टेक्नोलॉजी का संयोजन किया गया है। साथ मिलकर, इनमें नई पर्सनैलिटी एवं ड्राइविंग की हॉलमार्क डायनैमिक्स के साथ एक इनोवेटिव पंच है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, बीएमडब्ल्यू को आज के दौर के लिए हमेशा नए सिरे से लिखा एवं खोजा गया है और इसमें इसके खुद के ओरिजन एवं परंपराओं के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

## एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने फाइनेंशियल रिजल्ट को मंजूरी दी

**मुंबई/जयपुर एजेंसी।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 25 जुलाई 2024 को हुई अपनी बैठक में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए फाइनेंशियल रिजल्ट को मंजूरी दे दी है। फाइनेंशियल ईयर 2025 की जून तिमाही में डिपॉजिट राशि जुटाने के लिए बैंकों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा देखी गई, जबकि तिमाही के अधिकांश समय में लिक्विडिटी घाटे में रही और महंगाई एक दायरे में रहा। घरेलू स्तर पर ग्रोथ और महंगाई की गतिशीलता से ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रखने की उम्मीद है। जून तिमाही मौसमी रूप से एक कमजोर तिमाही रही है जो आम चुनावों के कारण निरंतरता में कुछ रुकावट और देश के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी की लहर के कारण और अधिक प्रभावित हुई।इन चुनौतियों के बावजूद, जून तिमाही में बैंक ने नए फाइनेंशियल ईयर की बेहतर शुरुआत के साथ बिजनेस पैरामीटर पर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया।

## डीसीबी बैंक ने की वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी।** डीसीबी बैंक लिमिटेड (बीएसई: 532772; एनएसई: डीसीबी) के निदेशक मंडल ने 24 जुलाई, 2024 को मुंबई में अपनी बैठक में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही) के लिए वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी, साथ ही वैधानिक लेखा परीक्षकों 'वर्मा एंड वर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' और 'बी एस आर एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स' की सीमित समीक्षा रिपोर्ट को भी मंजूरी दी। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए बैंक का कर-पश्चात लाभ (पीएटी) 131 करोड़ रुपये था। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए कर-पश्चात लाभ 127 करोड़ रुपये था, जो 3 प्रतिशत की वृद्धि थी। अग्रिम वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 19 प्रतिशत रही तथा जमा वृद्धि वर्ष-दर-वर्ष 20 प्रतिशत रही। 30 जून 2024 तक सकल एनपीए 3.33 प्रतिशत था। 30 जून 2024 तक शुद्ध एनपीए 1.18 प्रतिशत था। 30 जून 2024 तक प्रावधान कवरेज अनुपात 76.00 प्रतिशत था और गोल्ड लोन एनपीए को ध्यान में रखे बिना पीसीआर 77.19 प्रतिशत था।

## रोटरी क्लब भोपाल हिल्स बना मंडल का सर्वश्रेष्ठ क्लब; हर्ष मित्तल को सबसे युवा प्रमुख दानदाता एवं मंडल के सर्वश्रेष्ठ रोटेरियन के खिताब से सम्मानित किया गया





भोपाल रोटरी सत्र 2023-24 के समापन पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉक्टर ऋतु ग्रोवर द्वारा साल भर की गतिविधियों अथवा, क्लब और सदस्यों को सम्मानित करने के लिए अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया। डिस्ट्रिक के सर्वश्रेष्ठ क्लब के तौर पर रोटरी क्लब भोपाल हिल्स को सम्मानित किया गया, वहीं क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन कुणाल सिंघल को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष की उपाधि दी गई । क्लब के ही सदस्य रोटेरियन हर्ष मित्तल को स्टार रोटेरियन ऑफ द डिस्ट्रिक्ट के साथ साथ यंगेस्ट मेजर डोनर, क्रिएटिव एक्सीलेंस अवार्ड और रोटरी इंटरनेशनल क्रिस्टल अवार्ड के साथ सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ने 7 क्लब अवार्ड्स, 14 इंडिविजुअल अवार्ड्स के साथ साथ कई सारे सर्टिफिकेट्स हासिल किए ।

## 29 जुलाई को महिला कांग्रेस का दिल्ली में आंदोलन , मध्यप्रदेश की महिला कांग्रेस नेत्रियां होंगी शामिल





**भोपाल।** मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से बताया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आगामी 29 जुलाई को केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ महिला कांग्रेस नेत्रियों द्वारा राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जायेगा। जिसमें महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक न्याय के साथ महिलाओं के साथ हो रही उत्पीड़न की घटनाओं पर रोक लगाने, राजनीतिक सशक्तिकरण, आर्थिक सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार जैसी तीन महत्वपूर्ण मांगे केंद्र सरकार के समक्ष रखी जायेगी।

उन्होंने बताया कि महिला कांग्रेस 29 जुलाई को राजधानी दिल्ली के जंतर मन्तर से एक राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन करेगी। इसी तारतम्य में मध्यप्रदेश की महिला कांग्रेस की पदाधिकारी, कार्यकर्ता भी हजारों की संख्या में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन में शामिल होने के लिए पहुंचेंगी। जिसके लिए महिला कांग्रेस द्वारा जिला महिला कांग्रेस कमेटियों को महिलाओं को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिये गये हैं। सुश्री लांबा द्वारा जारी दिशा निर्देश अनुसार महिलाओं के हक और अधिकार के लिए महिला कांग्रेस की इस पूरे आंदोलन की तीन बड़ी और महत्वपूर्ण माँगे केंद्र सरकार से रहेंगी।

महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण और भागीदारी के तहत महिला आरक्षण क़ानून को तुरंत लागू किए जाना चाहिए, जिसमें अति पिछड़े वर्ग कि हमारी ओबीसी की बहनों को आरक्षण और भागीदारी को सुनिश्चित कराना है।

आर्थिक सशक्तिकरण के तहत देश की आधी आबादी जो आज बढ़ती महँगाई और बेरोज़गारी से लड़ रही है, उसे राहत देने के लिए नारी न्याय के तहत केंद्र सरकार की महालक्ष्मी योजना के अनुसार हर ग़रीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपया या हर महीने 8 हज़ार 500 रूपये की आर्थिक सहायता सीधा उनके बैंक खातों में दिये जाने की माँग की जायेगी।

तीसरी माँग- सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार

देश भर में लगातार महिलाओं के विरुद्ध अपराध में बढ़ोतरी हो रही है और अपराधियों में क़ानून नाम का कोई खौफ नहीं है, जिसका ताज़ा उदाहरण मध्य प्रदेश के रीवा में दो महिलाओं को दबंगों द्वारा ज़िंदा जमीन में दफनाये जाने की घटना ने प्रदेश ही नहीं देश को शर्मसार किया है। हाल ही में इंदौर में भाजपा पार्षद द्वारा महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। भाजपा पार्षद को सत्तापक्ष का संरक्षण प्राप्त होने के कारण प्रशासन और शासन मूकदर्शक बना कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## राजेश बाल्मीकि को संघ की नगर निगम विभागीय समिति में जोन क्रमांक 10 का अध्यक्ष बनाया



भोपाल शासकीय /अर्द्धशासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी कल्याण संघ म.प्र जिला शाखा भोपाल के अंतर्गत आज संघ की नगर निगम विभागीय समिति की बैठक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जफर भाई की अध्यक्षता में मंत्रालय पर की गई संघ के प्रदेश महामंत्री भाई अशोक मालवीय जी भोपाल संभाग के अध्यक्ष आदरणीय श्री नामदेव सोंसारे जी एवं जिला कोषाध्यक्ष श्री गंगाधर चौधरी जी बैठक में उपस्थित हुए नगर निगम विभागीय समिति के अध्यक्ष आदरणीय श्री जगदीश यादव यादव जी द्वारा निगम के डोर टू डोर वाहन चालकों सहित निगम के सभी कर्मचारियों की समस्याओं से संघ के पदाधिकारीगणो को अवगत कराया गया जगदीश यादव ने अवगत कराया के निगम कर्मचारियों का पी एफ कटौती की जानकारी कर्मचारियों के मोबाइल पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही है कर्मचारियों का जमा पी एफ निकालने में कर्मचारियों को कठिनाई आ रही है निगम द्वारा जोन स्तर के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों के ऊपर अत्यधिक कार्य का दबाव डाला जाता है उन्हें अकारण परेशान किया जाता है निगम मे वर्षो से कार्यरत 29 दिवसीय कर्मचारियों को आज दिनांक तक स्थाई कर्मी नहीं बनाया गया है निगम का कार्य करते समय दुर्घटना हो जाने पर या चोट लग जाने पर निगम की ओर से कर्मचारियों की आर्थिक रूप से किसी तरह से मदद नहीं की जाती है कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं दिया जाता है विशेष स्वच्छता अभियान के पश्चात कर्मचारियों को विशेष भुगतान नहीं किया जाता है जबकि समय से अधिक कार्य कराया जाता है इन समस्याओं को बार-बार निगम के उच्च अधिकारियों तक विभागीय समिति द्वारा पहुंचाया गया है किंतु अब तक निगम प्रशासन द्वारा इन समस्याओं का कोई निराकरण नहीं किया गया है संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जफर भाई द्वारा विभागीय समिति के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए आसवस्त किया गया कि संघ का प्रतिनिधिमंडल नगर निगम के वहान चालको सहित सभी कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में नगर निगम भोपाल के आयुक्त महोदय से मुलाकात कर इन समस्याओं का निराकरण कराए जाने का पूरा प्रयास करेगा बैठक नगर निगम विभागीय समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष श्री जगदीश यादव जी उपाध्यक्ष दानिश खान जी आबिद भाई सलीम भाई विजय कृपाली राजेश बाल्मीकि जी संतोष कुमार राजीव धौलपुरिया जी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी सम्मिलित हुए

## ईस्पिरिट स्टोंस लिमिटेड का आईपीओ 26 को खुलेगा

**मुंबई।** ड्यूरेबल इंजीनियर क्वार्टर्स और मार्बल सर्फेस में सुविज्ञता रखने वाली भारत की इंजीनियर स्टोंस क्षेत्र की एक प्रमुख खिलाड़ी, ईस्पिरिट स्टोंस लिमिटेड ने 26 जुलाई 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर बैंड पर 50.42 करोड़ एकत्र करने का है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे. इश्यू से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से कंपनी की कार्यशील पूंजी की जरूरत का वित्त पोषण करने, सब्सिडरी हैक स्टोंस प्राइवेट लिमिटेडमें निवेश करने, कर्ज का रीपेमेंट और/ या प्री पेमेंट करने और उसकी कार्यशील पूंजी की जरूरत का वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 25 जुलाई, 2024 को खुलेगी. इश्यू अभिदान के लिए 26 जुलाई को खुलेगा और 30 जुलाई को बंद होगा. ईस्पिरिट स्टोंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और प्रमोटर सुनील कुमार लुणावत ने कहा, ईस्पिरिट स्टोंस लिमिटेड सहर्ष घोषणा करती है कि इश्यू से प्राप्त होने वाली धनराशि का व्यूहात्मक रूप से हमारी कार्यशील पूंजी की जरूरत का वित्त पोषण करने और हमारी सब्सिडियरी, एचएसपीएल में निवेश करने के लिए किया जायेगा।

## जुलाई महीने में महिंद्रा ट्रक और बसों की 5 नई डीलरशिप का उद्घाटन

**पुणे ।** वित्त वर्ष 24 में बिजनेस वॉल्यूम में 46 प्रतिशत की मजबूत 4 साल की सीएजीआर वृद्धि के बाद, महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन ने जुलाई के महीने में भारत के चार राज्यों में अपनी 5 नई अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। इनमें 37 सर्विस बे शामिल हैं जो प्रतिदिन 75 से अधिक वाहनों की सर्विस कर सकते हैं, साथ ही ड्राइवर लॉजिंग, 24 घंटे ब्रेकडाउन सहायता और एडब्लू उपलब्धता भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के बिजनेस हेड - कमर्शियल व्हीकल्स श्री जलज गुप्ता ने कहा, ''भारत के कमर्शियल व्हीकल्स के बाजार में महिंद्रा के ट्रक और बस डिवीजन की मजबूत उपस्थिति है, जिसने पहले ही कई क्षेत्रों और बाजारों में नंबर 3 स्थान हासिल कर लिया है। हमें विश्वास है कि हमारे नेटवर्क में इन 5 नई डीलरशिप के जुड़ने से हमारी पहुंच का विस्तार करने में मदद मिलेगी। नई डीलरशिप हमारे ग्राहकों को वाहनों की सर्विसिंग में मदद करेगी और उनके बेड़े को देखभाल के लिए अधिक समय प्रदान करेगी। हम आगे के अवसरों को लेकर उत्साहित हैं और अपने सम्मानित ग्राहकों को इनोवेटिव और बेहतर परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।'' श्री गुप्ता ने महिंद्रा के वाहनों की बेहतर तकनीकी क्षमता के बारे में जोर देते हुए रेंज के ट्रकों के लिए नई माइलेज गारंटी 'ज्यादा माइलेज नहीं तो ट्रक वापस' को भी लॉन्च किया।

## महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने निर्माण में टिकाऊ भविष्य के लिए एनएसी और पीएसआई के साथ समझौता किया

नई दिल्ली/हैदराबाद, एजेंसी। महिन्द्रा युनिवर्सिटी, नेशनल एकैडमी ऑफ कंस्ट्रक्शन (एनएसी) और प्री-इंजीनियर्ड स्ट्रक्चर्स सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीएसआई) ने निर्माण क्षेत्र के लिए एक टिकाऊ भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के परिसर में 19 जुलाई, 2024 को एनएसी के महानिदेशक श्री पी. मधुसुदन रेड्डी के मार्गदर्शन में हुए इस समझौते के अवसर पर महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर यजुलु मेदुरी, पीएसआई के अध्यक्ष श्री सी.ए. प्रसाद, सीआईआई इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सीआईआई तेलंगाना के पूर्व चेयरमैन, क्रेडाई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शेखर रेड्डी, एनएसी के निदेशक इंजीनियर एम. राजी रेड्डी, महिन्द्रा युनिवर्सिटी की सहायक डीन प्रोफेसर विसालक्षी और महिन्द्रा युनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉक्टर हरि प्रसाद उपस्थित थे।

## बारिश के मौसम में बालों में तेल लगाना फायदेमंद: डॉ. शिल्पा वोरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बारिश का मौसम आने से हमें चिलचिलाती गर्मी से तो बेहद जरूरी राहत मिलती है, लेकिन हवा में नमी बढ़ने से बालों की देखभाल में कई चुनौतियां भी सामने आती हैं। मौसम में बदलाव से हमारे बाल अक्सर बेजान, रूखे और उलझे हुए हो जाते हैं, जिससे बालों का नुकसान होने लगता है। लगातार बारिश होने से सिर की त्वचा गीली और चिपचिपी हो जाती है, जिससे बालों का झड़ना बढ़ जाता है और बाल काफी रुखे, निस्तेज हो जाते हैं और उलझते हैं। मैरिको लिमिटेड में अनुसंधान और विकास विभाग की प्रमुख अधिकारी डॉ. शिल्पा वोरा ने बारिश के मौसम में बालों की देखभाल की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, ''मॉनसून के दौरान बालों को हानि से बचाने के लिए उनकी नियमित रूप से तेल से मालिश करना जरूरी है। नियमित रूप से तेल लगाने से बाल जड़ों से मजबूत होते हैं और इससे बालों को कम से कम नुकसान पहुंचता है। सबसे अच्छे परिणाम पाने के लिए आप पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड हेयर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें नारियल का तेल होता है, जो बालों की 10 परतों तक पहुंचकर गहराई से पोषण देता है और उन्हें खूबसूरत बनाता है।

## ग्राम जेरई में शिव महापुराण का आयोजन हमारा सौभाग्य ह:गोविंद सिंह राजपूत

### शिव का मतलब ही कल्याण है: महंत विपिन बिहारी



भोपाल। सुरखी विधानसभा के ग्राम जेरई में आयोजित शिव महापुराण का श्रवण करने अपने गृह ग्राम पहुंचे खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शिव महापुराण का वाचन कर रहे संत पं. विपिन बिहारी की आरती करते हुए कथा सुनने आए दूर-दूर से सभी श्रद्धालुओं का स्वागत, बंधन एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे ग्राम में शिव महापुराण का आयोजन हम सब का सौभाग्य है। शिव महापुराण के चौथे दिन महंत पं. विपिन बिहारी ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि यह संसार शिव का है और संसार के कंण कंण में शिव समाहित है। संसार को बचाने के लिए शिव जी ने हलाहल विष पिया, शिव की महिमा अपार है। महंत श्री ने कहा कि राम का मतलब शांति है, शिव का मतलब कल्याण है संसार का कल्याण ही शिव है। शिव के इस संसार में भेदभाव नहीं है। जल ने कभी छुआ छूत नहीं माना, उसने सब की प्यास बुझाई, धरती ने कभी अभिमान नहीं किया लेकिन आजकल लोग अपने अभिमान में चूर हैं। उन्होंने कहा कि समय बड़ा बलवान होता है इसलिए समय रहते शिव का स्मरण करें वह जगत का कल्याण करने वाले देव हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, मुख्य यजमान संगीता रंजीत सिंह राजपूत, मूरत सिंह राजपूत, अनिल पीपरा, भाजपा जिला मंत्री देवेंद्र पप्पू फुसकेले, सहित समस्त राजपूत परिवार एवं जेरई ग्रामवासी तथा आसपास क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया एवं शिव महापुराण की आरती की।

## सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस किया दाखिल

**मुंबई , एजेंसी।** सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड वित्त वर्ष 2023 तक परिचालन आय के मामले में पूर्वी भारत में मुख्यालय वाली सबसे बड़ी फुल-सर्विस और इंटीग्रेटेड डायग्नोस्टिक चैन है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, कोलकाता मुख्यालय वाली कंपनी के आईपीओ में सेलिंग शेयरधारकों के 1.92 करोड़ इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है। ओएफएस में इन्वेस्टर सेलिंग शेयरधारक - ऑर्बिमेड एशिया मॉरीशस लिमिटेड के 1,06,60,737 इक्विटी शेयर शामिल हैं। साथ ही, प्रमोटर विक्रय शेयरधारक - डॉ. सोमनाथ चटर्जी, रितु मित्तल और सतीश कुमार वर्मा द्वारा प्रत्येक के 2,132,148 इक्विटी शेयर, और व्यक्तिगत विक्रय शेयरधारक, मुन्ना लाल केजरीवाल और संतोष कुमार केजरीवाल द्वारा क्रमशः 799,556 इक्विटी शेयर और 1,332,593 इक्विटी शेयर ऑफर फॉर सेल शामिल है।

# ‘पिज्जा, मैगी और मोमो जैसे जंक फूड ने ले ली जगह’

## मंत्री कैलाश ने खानपान पर जताई चिंता, कहा- एशिया में हर छठे व्यक्ति को शुगर, हर दसवीं महिला को ब्रेस्ट कैंसर




**इंदौर।** मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ड्ढ्र॥ह की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया में हर छठे व्यक्ति को शुगर हर दसवीं महिला को ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना है। इंदौर जैसे शहरों में पारंपरिक मिठाइयों की जगह पिज्जा, मैगी और मोमो जैसे जंक फूड ने ले ली है। यह चिंता का विषय है कि बच्चे सबसे पहले नूडल्स और मंचूरियन ऑर्डर करते हैं। हमें खानपान पर ध्यान देने की जरूरत है।

दरअसल, इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बदलती जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खाने की आदतों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ड्ढ्र॥ह की रिपोर्ट के अनुसार, एशिया में हर छठे व्यक्ति को शुगर की समस्या है और हर दसवीं महिला को ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना है। विजयवर्गीय ने कहा कि ‘हमें अपने खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है।

### माता-पिता से की ये अपील

उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को स्वस्थ खाना खिलाएं और जंक फूड से दूर रखें। अगर आप अपने बच्चों से प्यार करते हैं, तो उन्हें स्वस्थ खाने की आदतें सिखाएं। विजयवर्गीय ने जोर देते हुए कहा कि सरकार को हानिकारक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों पर सख्त नियंत्रण रखना चाहिए। हमें स्वस्थ खाद्य विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए। हमारे पास प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम है, जो इस दिशा में काम कर सकती है।

**खर्चे कम करने पर सरकार का मुख्य फोकस:** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट आवंटन के बाद आय-व्यय को लेकर प्लान तैयार स्वस्थ शहर बनाने जीनवशैली और खाने की आदतों पर देना होगा ध्यान उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। हमारे दिनचर्या में स्वस्थ आदतों को शामिल करना बहुत जरूरी है। सुबह उठकर व्यायाम करना और पौष्टिक खाना खाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। विजयवर्गीय ने यह भी बताया कि पहले आदिवासियों में हार्ट की बीमारी और शुगर नहीं होती थी, लेकिन अब ये बीमारियां वहां भी फैल रही हैं। यह समाज में फैली विकृति को दर्शाता है। हमें इस पर विचार करना होगा और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर चर्चा करते रहनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने कहा कि ‘अगर हम इंदौर को स्वस्थ शहर बनाना चाहते हैं, तो हमें अपनी जीवनशैली और खाने की आदतों पर ध्यान देना होगा। जागरूकता और शिक्षा से ही हम इस समस्या का समाधान निकाल सकते हैं।’

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में अतिवृष्टि के कारण कई स्थानों पर जल भराव की दशा में जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कटनी जिले के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी जिला प्रशासन के अधिकारियों से कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ, होमगार्ड के जवान और पुलिस प्रशासन टीम की तत्काल तत्परतापूर्वक सहायता ली जाए। उन्होंने सभी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और उन्हें हर संभव मदद करने के निर्देश भी दिए हैं।

# विद्युत संबंधी विषयों के त्वरित निराकरण के लिये राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति गठित

**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा विद्युत संबंधी राज्य स्तरीय विषयों के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय के लिये राज्य स्तरीय विद्युत अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है।

समिति में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार सचिव वित्त विभाग, प्रबंध संचालक, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, आयुक्त भू-अभिलेख, पुलिस महानिदेश के प्रतिनिधि (एडीजी/आईजी स्तर के), प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम लिमिटेड को सदस्य और विशष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी ऊर्जा विभाग को समिति में सदस्य संयोजक होंगे। समिति उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत उपभोग की प्रवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन करने और प्रभावी राजस्व प्रबंधन में सहयोग करेगी। इसके अतिरिक्त समिति विद्युत उपभोक्ताओं के संबंध में पृथक-पृथक शासकीय विभागों द्वारा संधारित जानकारी एकत्रित करेगी, जिसमें डाटा एनालिसिस के आधार पर सक्षम व समर्थ उपभोक्ताओं की पहचान की जा सकेगी। जिनके द्वारा जानबूझकर विद्युत बकाया का भुगतान नहीं किया जा रहा है अथवा अन्य पद्धतियों से विद्युत बिल अनियमित तरीके से कम किया जा रहा है, की पहचान करेगी।

# स्कूल शिक्षा विभाग के कॅरियर पोर्टल पर उपलब्ध है महत्वपूर्ण जानकारियाँ

## प्रत्येक जिले में 2-2 शिक्षक मास्टर ट्रेनर

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में स्कूल जाने वाले विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार कॅरियर विकल्पों का चयन करने के ?लिये कॅरियर पोर्टल तैयार किया है। पोर्टल पर 500 से अधिक कॅरियर संबंधी, 7 हजार 500 से अधिक कॉलेज, 1000 से अधिक प्रवेश परीक्षाएँ और 750 से अधिक छात्रवृत्तियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे विद्यार्थी अपनी पसंद का ऑप्शन चुन सकते है। स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षिक एवं कॅरियर के विकल्पों के चयन के ?लिये कॅरियर काउन्सिलिंग के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था आईसीएस लखनऊ के साथ अनुबंध किया है। इस अनुबंध के आधार पर प्रदेश के समस्त विद्यालयों में कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कांउन्सिलिंग एवं गाईडेन्स से संबंधित कौशल विकास के लिये 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित भी किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के लिये प्रत्येक जिले से 2-2 शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में चुना गया है और उन्हें आईसीएस पोर्टल और एप के उपयोग संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण दिलाया गया है।

# लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाए जाने पर सियासत शुरू, कमलनाथ बोले बहनों को ठग रही सरकार





**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लाड़ली बहनों को मिलने वाली राशि में 250 रुपए और बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार प्रदेश की बहनों को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

**इस बात का कोई हिसाब नहीं - कमलनाथ-** पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव कह रहे हैं कि लाड़ली बहनों के अकाउंट में इस बार 250 रुपए ज्यादा दिए जाएंगे, लेकिन वे इस बात का कोई हिसाब नहीं दे रहे कि पिछले रक्षाबंधन पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी कि वह कितनी लाड़ली बहनों को मिल रहा है।

**250 रुपए का ढिंढोरा ना पीटे सरकार - कमलनाथ-** कमलनाथ ने आगे कहा कि इसी तरह बीजेपी ने लाड़ली बहनों की सम्मान राशि तीन हज़ार रुपए प्रतिमाह करने का वादा किया था, लेकिन अब उसका जिक्र तक नहीं किया जा रहा। इसलिए बहनों को दिए जा रहे 250 रुपए का ढिंढोरा ना पीटे।

**बहनों से माफी मांगे सरकार - कमलनाथ-** कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा है कि अब सरकार को बहनों से माफी मांगनी चाहिए कि उनसे गैस सिलेंडर और लाड़ली बहना सम्मान राशि को लेकर जो वादा किया था, उसे बीजेपी ने ना तो निभाया है और ना निभाने का कोई इरादा है।

**पूर्व सीएम कमलनाथ ने सीएम को लिखा खत-** पूर्व सीएम कमलनाथ ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर आदिवासी दिवस पर अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। कमलनाथ ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। शिवराज सरकार ने विश्व आदिवासी दिवस का अवकाश समाप्त कर दिया था।

पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि अवकाश समाप्त करने से आदिवासी समाज में नाराजगी है। अवकाश घोषित करने के साथ ही हर विकासखंड में आदिवासी दिवस समारोह मनाया जा सके इसके लिए हर विकासखंड को एक निश्चित राशि मध्य प्रदेश सरकार प्रदान करे।

# मप्र के सरकारी कर्मचारी के खातों में रक्षाबंधन के पहले जमा होगी डीए की पहली किस्त



**भोपाल।** डीए की पहली किस्त - मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की पहली किस्त रक्षाबंधन के पहले मिल जाएगी। इससे मध्यप्रदेश के साढ़े सात लाख सरकारी लाभांवित होंगे, इसकी शुरुआत कर दी गई है। डीए के एरियर की पहली किस्त के कर्मचारियों और अधिकारियों को 1240 से 16000 रुपए तक मिलेंगे।

**तीन किस्तों में मिलेगा 8 महीने का एरियर-** मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने कर्मचारियों को एक जुलाई 2023 से दिए जाने वाले इस 4 प्रतिशत डीए की लोकसभा चुनाव से ठीक पहले मार्च 2024 में घोषणा की थी। वित्त विभाग ने भी उस समय कहा था कि महंगाई भत्ते के 8 महीने का एरियर तीन किस्तों में दिया जाएगा। अब जुलाई 2023 से फरवरी 2024 तक का महंगाई भत्ते का एरियर जुलाई, अगस्त और सितंबर में दिया जा रहा है। जो विभाग आदेश में देरी के कारण मार्च 2024 में 4 प्रतिशत डीए नहीं जोड़ पाए थे, वे अब हर महीने तीन महीने की एरियर राशि कर्मचारियों के बैंक खाते में डालेंगे।

**अब कर्मचारियों का छ्व हो गया 46त्न -** मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ता (छ्व) में 4त्न की बढ़ोतरी के आदेश 15 मार्च 2024 को दिए थे। इसके बाद महंगाई भत्ता 42त्न से बढ़कर 46त्न किया गया था। इसके बाद वित्त विभाग ने भी आदेश जारी करते हुए कहा था कि कर्मचारियों को एक जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जाता है।

**620 से 8000 रुपए बढ़ेगी सैलरी सैलरी-** सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में संवर्ग के हिसाब से 4 प्रतिशत डीए बढ़ने के बाद 620 रुपए से 8000 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। इस हिसाब से देखें तो जुलाई में दो महीने का एरियर दिए जाने पर कर्मचारियों के बैंक खातों में 1240 से 16 हजार रुपए तक आएंगे। तीन महीने का एरियर मिलने पर 1860 से 24 हजार रुपए अकाउंट में आएंगे। एरियर की राशि सैलरी से अलग कर्मचारियों के बैंक खातों में डाली जाएगी।

**जुलाई में केंद्र कर्मचारियों का बढ़ सकता है डीए-** केंद्र सरकार जनवरी 2024 में अपने कर्मचारियों का डीए 4 प्रतिशत बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर चुकी है। तय प्रक्रिया में एक जुलाई 2024 से केंद्रीय कर्मचारियों का डीए फिर 3 या 4 प्रतिशत बढ़ना है। यह घोषणा जल्द होने की संभावना है क्योंकि केंद्रीय कर्मचारियों का डीए साल में दो बार जनवरी और जुलाई में बढ़ाया जाता है। ऐसा होने पर राज्य के कर्मचारी डीए में केंद्रीय कर्मचारियों से 8 प्रतिशत पीछे हो जाएंगे, जिसकी भरपाई जल्दी नहीं होगी। ऐसे में वे आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। बता दें कि राज्य के 7.50 लाख कर्मचारियों को जितना डीए दिया जाता है, 4.50 लाख पेंशनरों को उतनी ही महंगाई राहत दी जाती है।

# पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संभागीय कार्यालय शुरू होंगे

## अधिकारी-कर्मचारी संघ की मांग पर राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने दिया आश्वासन

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संभाग स्तर पर संभागीय कार्यालय शुरू करने के लिये शासन स्तर पर पहल की जायेगी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहायक संचालक एवं निरीक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल को उक्त आशय का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल राज्यमंत्री श्रीमती गौर गुरूवार को उनके निवास पर भेंट कर विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि संघ द्वारा विभाग की संरचना से संबंधित विभिन्न तथ्यों को ध्यान में लाया गया है, इनमें अन्य विभागों की तरह पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संभागीय कार्यालय शुरू करने, सहायक संचालक के पदनाम को सहायक आयुक्त किये जाने, विभाग के अधिकारियों को पाँच स्तरीय वेतनमान स्वीकृत किये जाने और विभाग की आवश्यकतानुसार जिला, संभाग और मुख्यालय स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों के पदों के सृजन पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संघ के द्वारा सौंपे गये मांग पत्र के बिन्दुओं पर विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की जायेगी और विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप तथा पिछड़ा वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए जरूरी मांगों को पूरा करने पर विचार किया जायेगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने उनके भ्रमण के दौरान जबलपुर और इंदौर पिछ ड़ा वर्ग के छात्रावासों में दिये गये निर्देशों को पूरा करने पर इन जिलों के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिये वह पूर्व से प्रयासरत है। पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में लायब्रेरी, मेस और वाईफाई आदि की सुविधाएँ दिये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संभागीय मुख्यालय पर संभाग स्तरीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भी शुरू किये जाने का कार्य किया जा रहा है।

# 5 हजार आबादी वाली पंचायतों में बनेंगे दो सामुदायिक भवन

## पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल बोले- जगह ढूंढ लें, प्रतिनिधि अपने गांव को बनाएं आदर्श ग्राम





**भोपाल।** मप्र की ऐसी पंचायतें, जहां की आबादी 5 हजार से अधिक हैं, वहां अब दो सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि गांव में ही एक सही जगह का चयन कर लें। मप्र में शहरी क्षेत्रों से सटी करीब 1200 पंचायतों को लेकर विशेष योजना बनाई जाएगी। यह बात आत्मनिर्भर पंचायत-समृद्ध मप्र थीम पर आयोजित कार्यक्रम में पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। उन्होंने जिला पंचायतों के पदाधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि वे जनपद पंचायतों की बैठकों में परामर्शदाता की भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन निर्णय लेने की प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करें। उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य और अधिकारियों को कहा कि हर पंचायत प्रतिनिधि को कम से कम अपनी पसंद के एक गांव को आदर्श बनाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। हमारे पास जो संसाधन उपलब्ध हैं और जितनी योजनाएं संचालित हैं, उन्हें मिलाकर आदर्श गांव बनाने का काम करना चाहिए और शुरूआत अपने गांव से करें।

**सामान्य सभा की बैठकें को गंभीरता से लें-** मंत्री ने कहा कि पंचायतों की सामान्य सभा की बैठकें कैबिनेट की बैठक के समान होती हैं। इसको पूरी गंभीरता से लें। जहां बैठकें नहीं हुई है वहां पर निश्चित अंतराल में इन बैठकों का आयोजन करें। पंचायतों में होने वाले काम के उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में देरी नहीं करें। यह कार्यक्रम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और जर्मन संस्था जीआईजेड ने मिलकर आयोजित किया था। शहरी क्षेत्र से सटी पंचायतों के को लेकर भी चर्चा हुई।

# गोविंदगढ़ में सफेद शेरों के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा: उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल




**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा ज़िले के गोविन्दगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में कहा कि गोविंदगढ़ के समग्र विकास के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। सफेद शेरों के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा तथा छुहिया घाटी में सड़क मार्ग पर सुरंग बनाई जाएगी। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का गोविंदगढ़ में नागरिक अभिनंदन किया गया। उनका शॉल-श्रीफल से सम्मान हुआ तथा भगवान श्री रमागोविंद का चित्र भेंट किया गया।

उप-मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ की पहचान सफेद शेर से है। महाराजा मार्तण्ड सिंह को याद करना गौरव की बात है। विन्ध्य क्षेत्र में सफेद शेरों की वापसी हो गई है। शीघ्र ही गोविंदगढ़ में पूर्व से स्वीकृत सफेद शेर के ब्रीडिंग सेंटर का कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि अमिलकी की नहर की पुलिया के घुमाव को सीधा कराया जाएगा तथा गोविंदगढ़ घाट की सड़क का सुधार कार्य तत्काल होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कार्य लगातार जारी हैं। देश के विकास में जिस प्रकार मध्यप्रदेश का योगदान है उसी प्रकार प्रदेश के विकास में विन्ध्य भी अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। रीवा जिले में बाणसागर की नहरों से तीन लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। आने वाले पाँच वर्षों में 9 लाख एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा

# भारत के पुरातन ज्ञान को नूतन संदर्भ में शिक्षा में समावेश करने की है आवश्यकता : उच्च शिक्षा मंत्री

## नवाचार, शोध और अनुसंधान के केंद्र बनेंगे विश्वविद्यालय, भारतीय ज्ञान परंपरा और शोध अनुसंधान राष्ट्रीय शोध कार्यशाला में हुए शामिल





**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान विज्ञान भवन में ÷भारतीय ज्ञान परंपरा और शोध अनुसंधान÷ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध कार्यशाला में कहा कि भारत का ज्ञान विश्व मंच पर सबसे पुरातन और सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है। यह ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। शोध एवं अनुसंधान के आधार पर भारतीय ज्ञान परम्परा एवं मान्यता स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा के युगानुकुल एवं वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप, पुनः शोध एवं अनुसंधान कर दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। शिक्षा में भारतीयता के भाव के समावेश और समाज में श्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षा में समाहित करने के लिये कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और अत्यंत उपयोगी है। श्री परमार ने ÷राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा समावेशी शिक्षा÷ के आलोक पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020भारत को स्वत्व के भाव के साथ विश्वमंच पर सिरमौर बनने के लिए प्रेरित करती है। इसके लिए हमें अपने गौरवशाली इतिहास, शौर्य, पराक्रम एवं उपलब्धियों पर गर्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विश्व को भारत पर गर्व है। विश्वभर के भारतवंशी, भारत को संकल्पों के साथ प्रगतिपथ पर आगे बढ़ता देख गौरवान्वित हैं। हमें भी देश की श्रेष्ठ परम्पराओं, त्याग एवं बलिदान आदि से प्रेरणा लेकर, विश्वगुरु भारत की संकल्पना को साकार करने में सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पुरातन ज्ञान को नूतन संदर्भ में शिक्षा में समावेश करने की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों में भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध और अनुसंधान के लिए वातावरण तैयार करना होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय नवाचार, शोध एवं अनुसंधान के केंद्र बनेंगे। श्री परमार ने कहा कि भारत संपन्न और समृद्ध देश रहा है, इसलिए ऐतिहासिक कालखंडों में अंग्रेजों समेत सभी विदेशी आक्रांता भारत को लूटने आए थे। अंग्रेजों के आंकड़ों के अनुसार भारत 90प्रतिशत साक्षरता वाला देश था, यहां 7लाख से ज्यादा समाज द्वारा संचालित गुरुकुल थे। अंग्रेजों ने भारत की संस्कृति और शिक्षा को मिटाने का कुत्सित प्रयास किया, लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020के लागू होने से शिक्षा में भारतीय दर्शन और चिंतन पुनः जीवंत हो रहा है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत के ÷वसुधैव कुटुंबकम्÷ के भाव में हमेशा से विश्व एवं लोक-कल्याण विद्यमान रहा है। भारतीय समाज आदिकाल से ही वृक्षों, नदियों एवं सूर्य आदि का पूजक समाज रहा है। सूर्य की ऊर्जा पर शोध करते हुए वर्ष 2047तक भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर देश होगा और दूसरे देशों में ऊर्जा आपूर्ति करने में सक्षम होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक तापमान वृद्धि के नियंत्रण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आज की आवश्यकता है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने ÷विद्यावन÷ के रूप में नवाचार किया है। ÷विद्यावन÷ विद्यार्थियों को सामाजिक एवं नैतिक दायित्व का बोध कराने की अभिनव पहल है।

मंत्री श्री परमार ने कार्यशाला की सार्थकता एवं सफलता और शोध-अनुसंधान के क्षेत्र में उज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को प्रकृति संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल ने कहा कि बौद्धिक के साथ साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020का उद्देश्य है। इसके लिए शिक्षा नीति का विशेष ध्यान शोध एवं अनुसंधान में है। विद्यार्थियों में तार्किकता का विकास, चिंतन की दृष्टि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध एवं अनुसंधान किया जा रहा है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. एस के जैन ने कहा कि शोध एवं अनुसंधान के लिए, शोधार्थियों के लिए विश्वविद्यालय के द्वार सदैव खुले हुए हैं। कार्यशाला की अवधारणा संयोजिका प्रो. रुचि घोष ने प्रस्तुत की और कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. पवन मिश्र ने किया। कुलसचिव डॉ. आई. के. मंसूरी ने आभार व्यक्त किया। विविध विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधार्थी, प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

# राज्यों के हित वाला फैसला



सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में खनिज रायल्टी को लेकर जो महत्वपूर्ण फैसला दिया है, वह राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने में सहायक साबित होगा। असल में न्यायालय ने माइंस एंड मिनरल्स (डिवेलपमेंट एंड रेग्युलेशन) यानी एमएमडीआर एक्ट, 1957 के तहत रॉयल्टी से जुड़े एक अहम मामले में फैसला दिया है कि इसे टैक्स नहीं माना जा सकता। इस फैसले के मुताबिक राज्यों को खनिज और खनिज वाली जमीनों पर केंद्र द्वारा ली जाने वाली रॉयल्टी के अतिरिक्त भी टैक्स लगाने का अधिकार है।

यह मामला केंद्र और राज्यों के अधिकारों से जुड़ा हुआ है और इसमें सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में दिए अपनी संविधान पीठ के फैसले को गलत करार दिया है। सात जजों की बेंच ने उस फैसले में खदान और खनिजों के विकास से जुड़े मामलों में टैक्स लगाने का अधिकार केंद्र का बताया था। स्वाभाविक तौर पर पहली नजर में नौ न्यायाधीशों की बेंच के बहुमत से दिए गए इस ताजा फैसले को केंद्र सरकार के लिए झटका बताया जा रहा है। लेकिन इस फैसले के निहितार्थ बहुत दूर तक जाते हैं।

जहां तक राज्य और केंद्र के अधिकारों और उनकी सीमाओं की बात है, तो ताजा निर्णय निश्चित तौर पर कई राज्य सरकारों के लिए बड़ी राहत बन कर आया है। सही बात तो यह है कि सुप्रीम कोर्ट के इस ताजा फैसले के कारण अब राज्यों की सरकारों को राजस्व का एक नया स्रोत मिल गया है। इससे एक तरफ तो उनकी आमदनी बढ़ेगी, वहीं दूसरी तरफ नई कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने और राज्य के विकास को तेज करने वाले कदम उठाने के मामले में केंद्र पर निर्भरता कम हो जाएगी। विशेष तौर पर ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे खनिज संसाधनों से संपन्न राज्य इस मामले में ज्यादा फायदे की स्थिति में रह सकते हैं।

लेकिन, इस मामले में सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि विभिन्न राज्य सरकारें जब अपने इस अधिकार का इस्तेमाल करने लगेंगी, तब उसका असर व्यवहार में किस तरह से सामने आएगा। इसका ठीक-ठीक अंदाजा तो तभी होगा, जब राज्य सरकारों के फैसले सामने आएंगे और उन्हें लागू किया जाएगा। फिर भी इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विभिन्न राज्य अपनी जरूरतों के मुताबिक जो अतिरिक्त टैक्स लगाएंगे उससे तमाम खनिज पदार्थों की कीमतें बढ़ेंगी और इसका सीधा असर उन सभी उत्पादों की लागत पर पड़ेगा, जिनके उत्पादन में ये खनिज पदार्थ कच्चा माल के रूप में इस्तेमाल होते हैं। राज्यों में अलग-अलग टैक्स दरों के चलते इन पदार्थों की कीमतों में राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल बनाए रखना भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है।

सबसे बड़ी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने कानून की व्याख्या करते हुए संविधान में निहित संघवाद की भावना को ध्यान में रखा है और राज्यों के अधिकारों को संरक्षित करने पर जोर दिया है। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद उम्मीद की जानी चाहिए कि यह फैसला देश में केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों को संतुलित करने में मददगार साबित होगा। राज्यों और केंद्र सरकार के बीच संबंधों को लेकर वैसे व्यापक बहस की आवश्यकता है।

एक तरफ विकास की चुनौती है, तो दूसरी ओर कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही वोट की खातिर जो घोषणाएं की जाती हैं, उनका पालन करने में राज्यों की सरकारों पर कर्ज लगातार बढ़ता चला जाता है। मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में फ्रीबीज योजनाओं के चलते कर्ज बजट के आसपास तक पहुंच गया है। हालत ये हो गई है कि कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला तो मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों के लिए बड़ी राहत देने वाला होगा। लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना होगा कि करों का बोझ इतना बढ़ा दिया जाए कि आम आदमी कराहने लगे।

# प्रभात का कभी सूर्यास्त नहीं हो सकता



**-लोकेन्द्र पाराशर**

मनुष्य जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है।

आदरणीय प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णत- विरक्त रहकर रक्त-रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले प्रभाव के रूप में ही देखा।

मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा मुझे जानते हो? मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले।



समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मण्डल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं।

कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से लगभग विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। वे जहां रहे, वहां अपने कृतित्व की सुगंध छोड़ते चले गए। आज भी स्वदेश की बात आए तो प्रभात जी की बात होती है। भाजपा कार्यालय में आज भी उनके उल्लेख के बिना राजनैतिक कौशल पर चर्चा पूरी नहीं हो पाती है। मैं सात वर्षों से अधिक भाजपा का प्रदेश मीडिया प्रभारी रहा, लेकिन मैंने यह अनुभव किया कि इस विभाग पर आज भी सिर्फ प्रभात जी की ही छाप है। यह देखकर मुझे सदैव आनंद ही रहा, क्योंकि वे मेरे पत्रकारिता काल के योग्य अग्रज रहे थे।

प्रभात जी हमारे बीच देह से भले नहीं हैं, लेकिन उनके प्राण तत्व की प्रतिष्ठा ऐसी है कि वह पग-पग पर परामर्श देती रहेगी। उनके व्यक्तित्व के पीछे केवल और केवल उनकी वैचारिक स्पष्टता और उस पर चलने की बेजोड़ कर्मठता थी। शब्दों की मर्यादाएं ऐसी हैं कि वह प्रभात जी के कृतित्व को समेट ही नहीं सकती। आज हमने अपना नक्षत्र खोया तो है, लेकिन केवल शरीर से खोया है, उनका शरीर निसंदेह अधिक परिश्रम की भेंट चढ़ा है। वरना इतनी जल्दी जाते ही नहीं। प्रभात जी हमें जो देकर गए हैं वह प्रेरणा अविनाशी है। उन्होने जो दिया है, उसके लिए असंख्य कार्यकर्ता अनंत काल तक कृतज्ञ रहेंगे। क्योंकि प्रभात का कभी सूर्यास्त नहीं हो सकता।

**-लेखक भाजपा मप्र के प्रदेश मंत्री हैं।**

# जयंती पर विशेष: अभिनव धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी

स्वामी करपात्री जी महराज भारत के अपने समय के अद्वितीय सन्यासी थे वे केवल आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि हिन्दू राष्ट्रवाद के पक्षधर भी थे वे महान देशभक्त सन्यासी, अद्वतीय विद्वान थे, उनका बचपन का नाम हरिनारायन ओझा था, वे सरयूपारी गरीब ब्रह्मण परिवार भटनी नामक ग्राम प्रतापगढ़ जिले के उत्तर प्रदेश मे 1907 ईसवी श्रवण मास, शूक्ल पक्ष द्वितीया को पिता स्वर्गीय श्री रामधानी ओझा माता स्वर्गीय शिवरानी के आगन मे हुआ परम धार्मिक सात्विक सनातनी परिवार था, बचपन से ही उनका मन अध्यात्म मे लगता था वे सन्यासी बनना चाहते थे तभी नौ वर्ष की आयु मे उनके पिता जी ने इंनका विबाह %%कुमारी सौभाग्यवती%% के साथ कर दिया, उनका मन गृहस्थी मे नहीं लगा उन्होने सोलह वर्ष की आयु मे सन्यास ले लिया वे परम आध्यात्मिक ब्रांहानंद सरस्वती से सन्यास दीक्षा ले दांडीस्वामी हो गए इनका नाम हरी नारायण से हरिहर चैतन्य हो गया।

उनकी लौकिक शिक्षा बहुत कम थी शायद हाईस्कूल, एक वर्ष वे प्रयाग आश्रम मे ब्याकरण, दर्शन शास्त्र, न्याय शास्त्र और संस्कृति वांगमय का अध्ययन किया, एक वर्ष के पश्चात उन्होने हिमालय की तरफ प्रस्थान किया, कहते हैं कि स्वामी जी ने गंगा जी की परिक्रमा किया उसी यात्रा मे उन्होने सभी ग्रन्थों का अध्ययन किया वे इतने मेधावी थे की कोई भी श्लोक एक बार देखने के पश्चात उन्हे याद हो जाता इतना ही नहीं जब वे शास्त्रार्थ अथवा प्रवचन करते तो वह श्लोक किस अध्याय किस पृष्ठ का है वे उदाहरण मे बता देते थे उन्होने केवल हिन्दू धर्म के ग्रन्थों का ही अध्ययन ही नहीं किया बल्कि विश्व के बिभिन्न मतों के साहित्यों का भी तुलनात्मक अध्ययन किया उसी दौरान वे भिक्षा ग्रहण अपने हाथों से ही करते किसी वर्तन का उपयोग नहीं करते थे और एक बार ही भिक्षा ग्रहण करते इसी कारण उन्हे स्वामी करपात्री जी कहने लगे।



वे केवल आध्यात्मिक ही नहीं वे स्वतन्त्रता सेनानी भी थे देश आज़ाद करने की दृष्टि से सन्यासियों का निर्माण किया, भारतीय संस्कृति के प्रति सचेत रहते हुए उन्होने %%रामराज्य परिषद%% नाम की राजनैतिक पार्टी का भी गठन किया जिसे 1952 के चुनाव मे 3 लोकसभा मे सफलता मिली, वे कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण नीति के बिरोधी थे इस कारण हिन्दू समाज के जागरण मे लगे रहते थे, 1967 मे जब गोरक्षा का आंदोलन शुरू हुआ तो उन्होने उसकी अगुवाई की उसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक पपूश्री गुरु जी के योजकत्व मे भारत के साधू-संत इकट्ठा हुए जिसका नेतृत्व करपात्री जी, प्रभुदत्त ब्रंहचारी, सभी शांकराचार्य आदि ने किया, बड़ी संख्या मे संत गिरफ्तार किया गए करपात्री जी को जेल मे काफी दिन रहना पड़ा जेल का उन्होने उपयोग कर %कालमार्क्स और रामराज्य% नामक ग्रंथ लिखा जो विश्व प्रसिद्ध हुआ यह पुस्तक विश्व की सभी राजनैतिक विचारों का विश्लेषण है, वे इतने बड़े थे की उन्हे हिन्दू धर्मसम्राट की उपाधि से नवाजा गया, स्वामी करपात्री जी पूरे देश मे पैदल भ्रमण करते रहते थे उन्होने 1940 मे काशी वास के दौरान अखिल भारतीय धर्मसंघ% की स्थापना की वे स्व के प्रेमी थे स्वदेशी, स्वधर्म, स्वराष्ट्र उनका प्राण था प्रवास के दौरान वे मध्यप्रदेश के किसी गाव मे थे अधिकांश संस्कृति ही बोलते थे भजन व पूजा के पश्चात वे नारा गुंजायमान कराते वह भी संस्कृति मे होता एक दिन एक लड़की ने उनसे कहा स्वामी जी अगर यह उद्घोष हिन्दी मे होता तो हम सभी समझ पाते! स्वामी जी को ध्यान मे आया और वहीं तुरंत उन्होने इसका हिन्दी अनुवाद %धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों मे सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, का उद्घोष किया और इसी दिन से यह पवित्र उद्घोष पूरे विश्व का हिन्दू धर्म का उद्घोष बन गया, वे अपने ऊपर कितना कम खर्च हो समय का अभाव केवल ढायी गज कपड़े मे ही काम चलाते साथ एक लगोटी, अपनी अंजुली भर भिक्षा वह भी दिन मे मात्र एक बार ।

वे बिभाजन से दुखी अपने शिष्यों द्वारा हिन्दुओ को बचाने का काम करते रहे उन्होने हिन्दू समाज को जगाने हेतु सन्यासियों की मानों फौज ही खड़ी कर दी यदि कहा जाय तो आदि जगद्गुरु शंकराचार्य और स्वामी दयानन्द सरस्वती जैसी ही सन्यास परंपरा का देश हित मे उपयोग किया, 1947 देश बिभाजन की घटना, लाखों हिन्दू अपने ही देश को छोड़ने को बाध्य हो रहा था, जो भाग पाकिस्तान मे पड़ गया वहाँ के हिन्दुओ को धन संपत्ति ही नहीं तो अपने बहन - बेटियों को सुरक्षित रख पाना मुसकिल हो गया था उस समय स्वामी जी दिल्ली के अपने आश्रम बैठे थे, तब-तक एक ब्यक्ति हाथ मे खून से लथ-पथ तलवार लेकर स्वामी जी के सामने प्रकट हुआ उसने पूछा, स्वामी जी ! मैंने 15 लोगो की हत्या की है मुझे मोक्ष मिलेगा अथवा पाप लगेगा ! स्वामी जी ने पूछा की यह कैसे हुआ उसने बताया की सैकड़ों मुसलमानों ने मेरा घर घेर रखा था घर मे मेरी माँ दो बहनें थी वे बर्बर हमारी माँ बहनों को जिंदा ही खा जाना चाहते थे, तब-तक मेरी एक बहन ने साहस पूर्वक यह तलवार मेरे हाथ मे देकर कहा --! भैया हम बहनों और माँ की हत्या कर दो नहीं तो इन राक्षसों से हमारी इज्जत नहीं बचेगी मै क्या करता ? मैंने अपने ही हाथ से अपनी बहन और माँ की हत्या कर घेरे हुए मुसलमानो की हत्या की है स्वामी जी ने कहा तुम पाप नहीं तुम तो मोक्ष के अधिकारी हो, आओ हाथ मुह धोकर विश्राम करो ऐसे थे हमारे करपात्री जी महराज ।

उन्हे धर्म संस्थापक भी कहा गया वास्तविकता यह है की 1200 वर्ष गुलामी के कारण हमारी पद्धतियों मे कुछ लुप्तता भी आयी कई शंकराचार्य के पीठों की परंपरा बंद सी हो गयी थी करपात्री जी महराज ने सभी परम्पराओं को पुन: शुरू कराया इसी कारण कभी-कभी लोग कहते हैं की वे शंकराचार्य के योजना के एक हिस्सा हुआ करते थे लेकिन वे छुआ-छूत और भेद-भाव को मानते थे इसी विषय को लेकर प्रयाग होने वाले प्रथम विश्व हिन्दू सम्मेलन का बिरोध किया वे इस विषय मे आरएसएस से भी मतभेद रखते थे लेकिन वे महान थे अंतिम समय उन्होने संघ के विचारों से सहमति जताई और हिन्दू समाज मे छुआ-छूत और भेद-भाव समाप्त होना चाहिए स्वीकार किया और अपने शिष्यों को इसका अनुपालन का आदेश दिया, 7 फारवरी 1982 को काशी मे केदारघाट पर स्वेच्छा से उनके प्राण महाप्राण मे बिलिन हो गए, उनकी इक्षानुसार केदारघाट मे उन्हे गंगा जी मे समाधि दी गयी और वे हमेशा के लिए अमर हो हिन्दू समाज के प्रेरणा-पुंज हो गए।

# हो सकता है सीएस वीरा राणा का एक्सटेंशन





Diwakar Sharma Photography

**छोटू शास्त्री**

सत्ता के शीर्ष स्थानों पर नई प्रशासनिक जमावट का बिगुल बजता दिखाई दे रहा है। ऐसे में यह माना जाना स्वाभाविक है कि मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा की ताजपोशी हो जाएगी। लेकिन, इस महत्वपूर्ण कुर्सी के अन्य दावेदार पर्दे के पीछे रहकर पुरजोर कोशिश में लगे हैं। इसलिए हस्तिनापुर के निर्णायक लोगों ने एक नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। बताते है कि वर्तमान मुख्य सचिव वीरा राणा के कार्यकाल को कुछ महीने और बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। राजोरा का अभी 3 साल का सेवाकाल बचा है यानी उनके पास काफी समय है और वे अगर कुछ महीने बाद भी मुख्य सचिव बने तो कोई परेशानी नहीं होगी। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव होने से वे वैसे भी पावर सेंटर में तो हैं ही।

**भंवर में फंसते जितेंद्र सिंह**

कांग्रेस ने भले ही लोकसभा में 99 सीट जीत ली हो, पर मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वहीं ठाक के तीन पात वाले हाल है। प्रदेश में पिछले 20 साल में जितने भी राष्ट्रीय प्रभारी आए वे पंच और पार्षद लायक भी नहीं थे। लिहाजा, उन्होंने प्रदेश कांग्रेस को छोटे से गांव की पार्टी बनाकर चलाई, जिससे कांग्रेस ऊंचाई के बजाय रसातल में जाती दिखाई दी। लेकिन, इस बार राहुल गांधी ने इस प्रदेश में अपने सबसे करीबी व्यक्ति भंवर जितेन्द्र सिंह को प्रभारी बनाकर भेजा। हालांकि, अलवर वाले ये भाई साहब कुछ दिन तो ठीक चले और कांग्रेसियों को भी लगा कि अब छोटे लोगों की भी पूछ परख बढेगी।

लेकिन, अभी जो जानकारी आ रही है वो यह है कि भंवर साहब के कारनामे भी अब प्रदेश के नेता दिल्ली भेजने लगे। क्योंकि, ये भाई साहब भी निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मजबूती देने की बजाय बड़े और बुजुर्ग नेताओं की बात को ज्यादा तवज्जो देने में लगे हैं। पता चला है कि अब प्रदेश के कुछ नेता जितेन्द्र सिंह को भंवर में फंसाने की रणनीति बना चुके है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि जितेंद्र सिंह भंवर में फसते हैं या नहीं!

**नागर सिंह के साथ यह होना ही था**

किस मंत्री के पास कौन सा विभाग होगा यह मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है। किन्तु जिस प्रकार से नागर सिंह चौहान से वन और पर्यावरण विभाग लेकर रामनिवास रावत को दिए गए ये सामान्यत: सहज निर्णय दिखाई नहीं देता।



क्योंकि, नागर सिंह चौहान यूं तो भले आदमी हैं, लेकिन उनके मंत्रिमंडल से पर कतरे जाने की इबारत बहुत पहले ही लिखी जा चुकी थी। भले ही ऊपरी तौर पर यह दिखाई देता हो कि उनके पास तीन विभाग थे, इसलिए उनसे वन एवं पर्यावरण रामनिवास रावत को देने में कोई अचंभा दिखाई नहीं देता। लेकिन, विभाग बदलने के जो मूल दो कारण अंदर की खबर रखने वालों ने बताए है। वे अपने आप में यह कहते है कि ये तो होना ही था। इन लोगों की माने तो नागर सिंह ऐसे व्यक्ति के यस मेन बने हुए थे जो पिछले सालों में विवादों में रहे हैं और जिन्हें शिवराज सरकार में एक महत्वपूर्ण पद देने के बाद हटाया गया था। एक एक और खबरें हाई कमान तक पहुंच रही थी कि नागर सिंह के विभागों में एक अल्पसंख्यक व्यक्ति का दबदबा भी काफी बढ़ गया था। इन्हीं दो मुद्दे को लेकर सरकार और संगठन तक चिंता और चिंतन हो रहा था कि नागर सिंह के विभाग में आखिर ऐसे लोगों का दबदबा क्यों कायम हो गया जिनके कारण सत्ता, संगठन और स्वयं मुख्यमंत्री की छवि को धक्का पहुंच रहा था। अब भले ही मामला ठंडा हो गया हो, पर खराश तो है।

**चतुर अधिकारी की पकड़ाई कारस्तानी**

आमतौर पर किसी अधिकारी के तबादले के बाद यह मान लिया जाता है, कि अब पूर्व कार्यालय से स्थानांतरित हुए अधिकारी का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा। लेकिन, रतलाम जिले में पदस्थ एक आला अधिकारी का एक दिलचस्प कारनामा सामने आया। घटना यह है कि रतलाम में पदस्थ यह अधिकारी कार्यालय की मलाई पर तो हाथ साफ कर ही रहे हैं, वे जहां से तबादला होकर आए वहां के भी पुरानी तारीखों में आदेश जारी कर रहे हैं। बताते हैं कि बकायदा सेटिंगबाज लोग रतलाम जाते है, पुरानी डेट में मनचाहा ज्ञान गणित वाला आदेश लेकर आ जाते हैं। इस खेल का भांडा कभी नहीं फूटता, पर पिछले दिनों एक व्यक्ति ऐसा ही आदेश लेकर आया और दफ्तर में उसे लागू करवाने के लिए बहस करने लगा। बाबू ने देखा कि ये आदेश जिस दिन का बताया जा रहा है, उस दिन तो यह जावक में ही नहीं है। जैसे ही बाबू ने अपनी बाबूगिरी बताई, पोल खुलने के डर से वह व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। लेकिन, उसके भागने से रतलाम के अधिकारी की पोल जरूर खुल गई।

**विधायक पर होंगी सत्ता की टेडी नजर**

नेताओं में पद और पावर आता है तो निश्चित तौर पर अहंकार और गुरूर भी साथ लाता है। धार जिले में एक विधायक द्वारा एक शीर्ष महिला अधिकारी के साथ जो तू-तू मैं-मैं का वाकया हुआ। इससे उस विधायक की मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही है। विधायक आए दिन अधिकारियों को कामकाज के लिए चमकाते-धमकाते रहते हैं। लेकिन, इस बार जिले के इन विधायक ने हद कर दी कि जब एक विभाग की बड़ी ओहदे वाली महिला अधिकारी ने इनसे इन्हीं के अंदाज में बात करके इनका दिमाग ठिकाने लगा दिया । विधायक की अधिकारियों से विवाद और दादागिरी करने का पुराना शगल रहा है। लेकिन, विधायक द्वारा महिला अधिकारी के साथ जो फोन पर निचले स्तर की अशोभनीय बातें की, मैडम ने वो बातें भोपाल के हस्तिनापुर में न सिर्फ पहुंचा दी, बल्कि ये माना जा रहा है कि सत्ता की कड़ी नजर विधायक पर हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं समझा जाना चाहिए।

**अंत में**



केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर के धार विधानसभा और खासतौर पर जिला मुख्यालय पर सक्रियता से धार के एक नेता के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी है। उनकी खोजबीन की जा रही है जो सावित्री ठाकुर को धार में सक्रिय रख रहे हैं। क्योंकि, लम्बे समय से धार की राजनीति में भाजपा में किसी नेता को इतना सक्रिय नहीं देखा गया था। ऐसे में सावित्री ठाकुर की सक्रियता आंखों में खटकना स्वाभाविक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# लव जिहाद के शिकार लोगों के लिए संत कालीचरण महाराज ने बताया अनोखा नुस्खा

रतलाम पहुंचे संत कालीचरण महाराज ने लव जिहाद के प्रश्न पर कहा कि अधिकांश मामले तंत्र क्रिया के जरिए किए जाते हैं। इससे बचने के लिए हिन्दुओं को सतर्क रहना चाहिए। लव जिहाद के शिकार को सूअर का दांत घिसकर पानी में पिला देना चाहिए इससे तंत्र क्रिया और वशीकरण का असर खत्म हो जाएगा। संत कालीचरण महाराज ने कहा कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो पहल की है वह पूरे भारत में सभी राजाओं (मुख्यमंत्री) को भी करनी चाहिए।

## दुकानों पर नेम प्लेट वाले आदेश का समर्थन

संत कालीचरण महाराज ने कहा कि उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो पहल की है वह पूरे भारत में सभी राजाओं (मुख्यमंत्री) को भी करनी चाहिए। राजाओं को ऐसे आदेश निकलने चाहिए जिससे हिंदुओं की धर्म आस्था सुरक्षित रह सके। हिंदुओं की पवित्रता सुरक्षित रहे। रतलाम आए कालीचरण महाराज ने तीन साल पहले रायपुर में धर्म संसद में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर विवादित बयान दिया था। संत कालीचरण महाराज ने उत्तर प्रदेश में कावड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों पर नेम प्लेट लगाने वाले आदेश का समर्थन किया है।

## मुसलमान अब थूक जिहाद कर रहे हैं



दरअसल, कालीचरण रतलाम में आयोजित सुंदरकांड संकल्प यात्रा के पूर्णाहुति प्रोग्राम में आए थे। संत कालीचरण महाराज ने पत्रकारों से कहा कि मुसलमान का ट्रेंड है कि वह बिना थूक के कुछ बेचते ही नहीं है, इसे थूक जिहाद बोला जाता है। कोरोना काल में ऐसे लाखों वीडियो प्रसारित हुए हैं जिससे यह साबित होता है कि उनके द्वारा बिना थूक लगाए कुछ बेचा जाना संभव ही नहीं है इसलिए मुसलमान की दुकानों पर उनका नाम लिखना बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है जिससे हिंदू वहां न जाएं। संत कालीचरण ने आगे कहा कि मैं सभी हिंदुओं से आह्वान करता हूं कि वह मुसलमान की दुकानों से कुछ भी खरीद कर ना खाएं। उनकी परंपरा है कि वह बिना थूक के कुछ भी बेचते नहीं है। हिंदुओं को इस बात को ध्यान में रखते हुए अपनी सुरक्षा स्वयं ही करनी चाहिए अगर नेम प्लेट नहीं दिखती है तो दुकानों पर क्यूआर कोड को स्कैन करिए उस पर दुकान संचालक का नाम आएगा। क्योंकि क्यूआर कोड बैंक जारी करता है और जिसका बैंक में खाता होता है उसका नाम उस पर आता है।

## शास्त्रों का कम अध्ययन करने वाले गड़बड़ बयान देते हैं

कालीचरण महाराज ने कहा की अभी के समय हिंदुओं में जो सबसे बड़ी विकृति है वह जातिवाद की है। सड़ा हुआ जातिवाद, सड़ा हुआ वर्णवाद खत्म हो गए और हिंदू धर्म ध्वज के नीचे एकजुट हो गए तो ही हम हिंदू राष्ट्र बना सकते हैं पूरे विश्व पर देव संस्कृति का दिग्विजय कर सकते हैं। पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर दिए गए बयान पर पूछे गए सवाल पर कहा की सही कथा वाचक समाज को सही दिशा देंगे। जिन्होंने शास्त्रों का कम अध्ययन किया हुआ है अथवा जिनको योगदान नहीं पता है वो गड़बड़ बयान देते हैं, लेकिन ऐसे लोग बहुत कम है

## पंडित मिश्रा के कारण आज बच्चा-बच्चा शिव मंदिर जा रहा है

पंडित प्रदीप मिश्रा के बारे में उन्होंने कहा कि अच्छा ही बोल रहे हैं। बड़ी धर्म क्रांति हो रही है और मैं इसको युग परिवर्तन के रूप में देखता हूं कि बहुत बढ़िया रीति से हिंदुओं में जागृति आ रही है। अच्छे कथावाचक को और प्रवक्ताओं द्वारा धर्म मंच से जो सिखाया जा रहा है अभी के समय में मेरी दृष्टि में 90त्न तो सही है बाकी 10त्न गड़बड़ी कहां नहीं होती है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने क्या बोला इसकी मुझे जानकारी नहीं है, लेकिन उनके कारण आज बच्चा-बच्चा लोटा लेकर शिव मंदिर में जा रहा है यह क्रांतिकारी उपलब्धि है। मंदिर जाने से कुछ नहीं होता, लेकिन वहां के संस्कार बच्चा सीख रहा है यह बहुत बड़ी धर्म क्रांति है। लव जिहाद के प्रश्न पर संत कालीचरण ने कहा की लव जिहाद के अधिकाश मामले तंत्र क्रिया के जरिए किए जाते हैं। इससे बचने के लिए हिन्दुओं को सतर्क रहना चाहिए। लव जिहाद कि शिकार को सूअर का दांत घिसकर पानी में पिला देना चाहिए इससे तंत्र क्रिया और वशीकरण का असर खत्म हो जाएगा।

# पेंशनरर्स, एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा

**नैनपुर।** ग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन तहसील शाखा नैनपुर के तत्वा धान में आज विभिन्न मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र सरकार के समान डी आर,धारा 49/6/ को समाप्त करना,30/06/जून को सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों को एक वेतन वृद्धि प्रदान करने जैसी अन्य मांगे शामिल हैं।ज्ञापन अनुविभगीय अधकरी राजस्व की ओर से तहसील दार महोदय जी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर रामगोपाल पटले अध्यक्ष जे पी साहू उपाध्यक्ष श्री आर पी तिवारी, सचिव श्री अमरसिंह ठाकुर,कोषाध्यक्ष श्री एस बी यादव,संभागीय उपाध्यक्ष श्री आधार सिंह राजपूत,पिंडराई श्री डी डी झरिया, सुमत कुमार जैन,सलीवाडा से श्री सुदामा प्रसाद राय , एस, एस,झरिया एवम नैनपुर से श्री बी आर शिव, एस के ठाकुर, एस, एस सोनी, ए एल खामियां, आनंद ठाकुर,सुरेंद्र श्रीवास्तव,संतोष श्रीवास्तव, एन आर बिसेन, एन के शुक्ला,अनिल ठाकुर, आर एस नाग,चंद्रशेखर धुर्वे, श्रीमती उर्मिला चौरसिया अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,,आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# व्यास पीठाधीश्वर से पधारे विदेह महाराज

**सांध्य प्रकाश समाचार, नर्मदापुरम ।** इटारसी शहर की एक होटल में अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता व्यास पीठाधीश्वर जगद्गुरु विदेह महाराज मुंबई गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए पांच दिवसीय प्रवास पर इटारसी पहुंचे। इस दौरान जगदगुरु विदेह महाराज ने गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि पूर्णिमा का मतलब पूर्ण मां होता है अगर माता पिता जीवित है तो पहले माता पिता का पूजन किया जाता है इसके बाद दूसरे स्थान गुरु का स्थान आता है विधाता के द्वारा जिस व्यक्ति के जीवन में दुख लिखा हो तो उसको सुखी जीवन के लिए केवल भोलेनाथ ओर दूसरा गुरु ही दूर कर सकता है, इसलिए जीवन में गुरु का महत्व है, जिसके जीवन में गुरु नहीं है उसकी गति बहुत बुरी होती है, मृत्यु के बाद यमराज भी गति प्रदान नहीं करता है और मनुष्य की मृत्यु उपरांत भी कष्ट मिलता है, इसलिए जीवन में गुरु का होना आवश्यक है। गुरु पूर्णिमा के पर्व पर व्यास पीठाधीश्वर जगद्गुरु विदेह महाराज ने इटारसी सहित आसपास के क्षेत्रों के शिष्यों के लिए सुखी जीवन की कामना की।इस दौरान शहर के आस-पास से आएं अनेकों शिष्यों तांता लगा रहा।

# रिटायर्ड डायरेक्टर शैलेंद्र गाड़े द्वारा विधार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन



नर्मदापुरम।- डीआरडीओ में डायरेक्टर बनकर स्कूल को गौरवान्वित करने वाले अब पूर्व डायरेक्टर शैलेंद्र गाड़े के इटारसी नगर आगमन पर उन्होंने गुरुवार को सी एम राइज विद्यालय इटारसी में 1980 बैच के पासआउट छात्रों द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए संवाद भी किया गया। संवाद कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में डॉ शैलेंद्र गाड़े रिटायर्ड डी आर डी ओ डायरेक्टर, भारत सरकार मुख्य रूप से उपस्थित थे। उनके साथ में उनके सहपाठी एवं मित्र रहे इंजी. भारत भूषण गांधी सामाजिक कार्यकर्ता, शैलेंद्र पाठक इंजीनियर व सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ जितेन्द्र कुल्हारे रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर, पशुचिकित्सा विभाग, इंजी राजेश गुप्ता निवेश सलाहकार व सामाजिक कार्यकर्ता ने भी विद्यार्थियों से अपनी स्कूल में पढ़ाई के दौरान के अनुभव साझा किए।इस संवाद में स्कूल में अध्ययन कर रहे छात्र छात्राओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिफेंस सेक्टर, आई टी सेक्टर, व्यापार क्षेत्र, पब्लिक सर्विस जैसे विषयों पर सवाल किए और श्री गाड़े से उनके उत्तर दिये। लगभग सवा घंटे तक चले इस संवाद कार्यक्रम के दौरान छात्रा - छात्राएं बहुत उत्साहित दिखे। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य एन पी चौधरी, प्रधान पाठक रामा आशीष पाण्डेय, उप प्राचार्य उपेंद्र साहू सहित कई शिक्षकगण ने मार्गदर्शन देते हुए उपस्थित दर्ज कराई।

# खेल प्रतियोगिता- ग्वालियर के लिए रवाना हुए खिलाड़ी



नर्मदा पुरम - इटारसी आयुध नगर ग्वालियर में आयोजित 24 से 27 जुलाई तक आयोजित होने वाली संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 आयुध नगर से बैडमिंटन में प्रत्यक्ष निगम 100 मीटर दौड़ में मोहम्मद कबीर खान प्रतिका तोमर 200 मीटर दौड़ में समीक्षा मालवीय का चयन हुआ है। खिलाड़ियों का दल खेल शिक्षिका प्रीति यादव अंशुमान तिवारी प्राची दीक्षित के नेतृत्व में इटारसी से ग्वालियर के लिए रवाना हुआ। आयुष निर्वाणी के महाप्रबंधक एके अग्रवाल ने विद्यालय के प्राचार्य मनीष तुली ,मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब नर्मदा पुरम के अध्यक्ष बशारत खान ,आयुध निर्माणी खेल संघ के सचिव राजेश रघुवंशी सहित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए विजेता बनने की शुभकामनाएं दी एवं बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर के निर्देशन में अवैध मदिरा परिवहन पर हुई कार्यवाही



छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सूचना के आधार पर गुरुवार को आबकारी टीम द्वारा अहमदाबाद बरौनी ट्रेन की बी 3 कोच में अज्ञात आरोपी से 42 लीटर विदेशी मदिरा जब्त की गई और आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त मदिरा की कीमत लगभग 60 हजार बताई गई है। इसके अलावा विगत बुधवार को आबकारी दल नौगांव द्वारा हरपालपुर, इमलिया, सरसेड आदि स्थानों पर दविश दी गई। दविश के दौरान 59 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। साथ ही शराब निर्माण हेतु तैयार किया गया 1840 किलोग्राम लाहन जब्त कर मौके पर नष्ट किया गया।

## कृषकों की राजस्व समस्याओं एवं ई-केवायसी के लिए जिले में लगाए जा रहे कैंप

छतरपुर। छतरपुर जिले में राजस्व महाअभियान 2.0 को सफल बनाने एवं बेहतर क्रियांवयन के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के ग्रामों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों की ई-केवायसी कराई जा रही है। गुरुवार को बक्सवाहा, महाराजपुर, लवकुशनगर, चंदला, बड़ामलहरा, नयागांव नौगांव में राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमे नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, फौतीनामांतरण, रास्ता विवाद आदि राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

# जिला सहकारी बैंक की साधारण सभा की बैठक का हुआ आयोजन

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।**



गुरूवार को विदिशा के जिला सहकारी बैंक में 109वीं साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विदिशा कलेक्टर और बैंक के प्रशासक बुद्धेश कुमार वैद्य शामिल हुए। वहीं बैंक सीईओ विनय प्रकाश सिंह ने बैठक में विभिन्न प्रकार की जानकारियां सांझा की। उन्होंने बताया की आरबीआई के कुछ नियमों में जो परिवर्तन हुए थे उनके हिसाब से बैंक में काम किया जा रहा है। आरबीआई की पूरी गाइडलाइन का पालन करते हुए सहकारी सेक्टर के साथ-साथ बैंकिंग के संबंध में तमाम प्रक्रिया की गई है। कलेक्टर ने बताया कि ऋण प्रक्रिया के साथ-साथ वसूली भी 80 फ़ीसदी हुई है जो अच्छी बात है। साथ ही आरबीआई के नियमों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है। कई विषय को लेकर चर्चा की गई।

# सफाई कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों से की चर्चा, कलेक्टोरेट में की समीक्षा

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष आए विदिशा



सांध्य प्रकाश, विदिशा।

मप्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया गुरूवार को विदिशा पहुंचे। जहां उन्होंने सर्किट हाउस में सफाई कर्मचारियों के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्यों से मुलाकात की। उनकी समस्याओं को सुना और शासन स्तर से उन समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया।

वहीं मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए शासन लगातार प्रयास कर रहा है। वहीं एक सवाल सीवेज हॉल में सफाई कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण के उतरकर सफाई करते हैं। जिस पर उन्होंने पूरी तरह से इंकार करते हुए कहा कि पूरे मध्य प्रदेश में इस प्रकार का कहीं कोई कार्य नहीं होता। सभी नगरीय निकायों को सुरक्षा के सभी उपकरण दिए गए हैं। उन्होंने कुछ जगहों के उदाहरण देते हुए कहा कि जहां पर इस प्रकार की घटना निजी ठेकेदारों द्वारा की गई है और सफाई कर्मचारी की मृत्यु हुई है, उसे वाजिब मुआवजा दिलाया गया है। वहीं नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों को अस्थाई रूप से रखने के ऐवज में रिश्वत मांगी जाती है के सवाल उन्होंने कहा कि ऐसा कहीं भी संभव नहीं है, लेकिन यदि कोई मामला प्रकाश में आता है तो रिश्वत लेने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## कलेक्टोरेट में की बैठक

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त प्रताप करोसिया ने कलेक्टोरेट सभागार में सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ शासन की विभिन्न योजनाएं जो सफाई कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही हैं की समीक्षा बैठक की। इस दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के अलावा पुलिस विभाग, एसडीएम, तहसीलदार, श्रम विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों के लंबे समय से काम करने के बाद भी वेतन न मिलने का मामला भी उठा। इस पर आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्टर से मामले की जांच करने के निर्देश दिए। इसके अलावा भी कई अन्य मामलों को लेकर चर्चा की गई। वहीं योजनाओं का सही क्रियान्वयन करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया।

# 26 खातेदारों को राजस्व रिकार्ड से हटाकर बैंक से ले लिया लाखों का ऋण

## राजस्व अधिकारी पर रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप

बैतूल। राजस्व रिकॉर्ड में फेरबदल कर कृषि भूमि को बैंक रख गिरवी रखकर चोरी छिपे लोन लेने की शिकायत बैतूल एस पी कलेक्टर से की गई है। शिकायतकर्ता बोन्द्रया कपसे ने बताया दीपक कापसे और गुलशन कापसे उनकी मां आशा कापसे ने पटवारी से मिलजुलकर उनकी पैतृक संपत्ति भूमि पर से 26 सह खातेदारों के नाम पहले राजस्व रिकॉर्ड से हटवा दिया। फिर एच डी एफ सी बैंक से लाखो का ऋष्ा ले लिया है। पीड़ित बोन्द्रया कापसे ने जुलाई 15 को खसी नकल निकालने पर धोखा धडी का पता चला। उक्त भूमि की कुल कीमत 8.34 करोड़ रुपये मानी जा रही है। कुल रकबा 31 एकड़ है। बताया की दीपक कापसे ने इस राशि से बोरगांव में डेयरी फार्म पशुधन भैंसदेही में घर प्लाट खरीदा है। जांच कर कार्यवाही की मांग करी है।

# एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत खिल्लीखेड़ा मुक्तिधाम पर पौधारोपण




औबेदुल्लागंज संवाददाता- नगर परिषद ओबेदुल्लागंज के द्वारा पौधारोपण अभियान एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा, मुकेश जैन उपयंत्री नगर परिषद ओबेदुल्लागंज के निर्देश अनुसार नगरीय क्षेत्र औबेदुल्लागंज वॉर्ड 03 खिल्लीखेड़ा मुक्तिधाम औबेदुल्लागंज प्रांगण में पौधा रोपण अभियान चलाया गया इस दौरान आम, जामुन, आस्था, अशोक, नीम, अमरूद आदि पौधा रोपण का कार्य किया गया इस अभियान में मुख्यरूप से उपस्थित रहे सुनील सैरियां पार्षद वार्ड 12 द्वारा पौधारोपण किया गया नगर परिषद् कर्मचारी कन्हैया धुर्वे, राजकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील चतुर्वेदी, आशीष यादव, रितेश यादव, संजय बाजपई, शुभम श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## कक्षा 1 में प्रवेश के लिए 30 सितंबर से आयु की गणना

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक कक्षा में प्रवेश के लिए आयु निर्धारण के संबंध में जारी निर्देशों में बदलाव हुआ है। इसके तहत कक्षा 1 में प्रवेश के लिए आयु की गणना 30 सितंबर 2024 से की जाएगी, पहले यह 1 अप्रैल 2024 से की जा रही थी। वहीं नर्सरी, केजी-1 और केजी-2 के लिए आयु की गणना 31 जुलाई 2024 से की जाएगी पहले यह 1 अप्रैल से की जा रही थी।

## नाम परिवर्तन

मैं **हर्षकांत येमले** पता- एच-195 राजहर्ष कॉलोनी कोलार रोड भोपाल पूर्व में मेरा नाम हर्ष श्रीकांत येमले था वर्तमान में मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड सभी दस्तावेजों में मेरा नाम हर्षकांत येमले हैं। अतः मुझे **हर्षकांत येमले** के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**हर्षकांत येमले**
195 राजहर्ष कालोनी
कोलार रोड, भोपाल (मप्र), मो. 9827557799

## कार्यालय नगर परिषद औबेदुल्लागंज जिला रायसेन (म.प्र.)

cmoobaidullaganj@mpuban.gov.in Ph-07480-224068

क्रमांक / /राजस्व/न.प./2024औ.गंजदिनांक

// हकअंतरणआपत्तिसूचना //

– 00 –

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के तहत नगर परिषद के संपत्तिकर खाते में हकअंतरण की कार्यवाही की जाना है अतः जिन व्यक्तियों को निम्नलिखित वार्ड क्र.........के समक्ष लिखित व्यक्तियों व भवन भूखण्ड के हकअन्तरण में कोई आपत्ति होतो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति नगर परिषद औबेदुल्लागंज के कार्यालय में लिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है । समय अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा संबंधित व्यक्तियों के नाम हकअन्तरण की कार्यवाही की जावेगी।

| क्र | नस्तीभवनभूमि / प्लाट / वार्डकाविवरण | विक्रेताकानाम | क्रेताकानाम | क्षेत्रफल | नामांतरणकाआधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आवासीय भूखण्ड खसरा क्रमांक 220/1/1/2/1/1, रकबा 0.014 हेक्टेयर लगान 1.01 रूपये वार्ड क 05 औ.गंज तह0गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | श्रीमति पिंकी पत्नी श्री कुलदीप निवासी–195 किशनपुर,गैरतगंज जिला–रायसेन म0प्र0 | श्री राहुल चौरसिया आ0 श्री महेश चौरसिया निवासी–वार्ड क 05 औ.गंज तह0 गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 1507 वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र एंव डायवर्जन के आधारपर |
| 2 | आवासीय भूखण्ड खसरा क्रमांक 220/1/1/2/1/1, रकबा 0.015 हेक्टेयर लगान 1.01 रूपये वार्ड क 05 औ.गंज तह0गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | श्रीमति पिंकी पत्नी श्री कुलदीप निवासी–195 किशनपुर,गैरतगंज जिला–रायसेन म0प्र0 | सु0 श्री पूजा चौरसिया पुत्री श्री महेश चौरसिया निवासी–वार्ड क 05 औ.गंज तह0 गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय भूखण्ड जिसका क्षेत्रफल 1614 वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र एंवडायेवर्जन के आधार पर |
| 3 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 10 जिसका क्षेत्रफल 25x40=1000 वर्गफिट मारूती नगर वार्डक 03 ग्राम खिल्लीखेडा औ.गंज तह0गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | मेसर्स एस आरइंफ्रा एंडडवलपर्स द्वारा पार्टनर श्री दिनेश गुप्ता आ0 श्री रमेश गुप्ता नवासी–भोपाल जिला भोपाल म0प्र0 | श्रीमहेन्द्र सिंह चौहान आ0 श्री परसराम चौहान निवासी–वार्ड क 05 लोधी मोहल्ला औ.गंज तह0गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 10 जिसका क्षेत्रफल 25x40=1000 वर्गफिट | शपथपत्र एंव विक्रय पत्र के आधार पर |
| 4 | आवासीय भूखण्डक्रमांक एल0आई0जी –14 जिसका क्षेत्रफल 26.24x13.13=344.53 वर्गफिट श्री दर्शन विहार वार्ड क 05 ग्रामऔ.गंज तह0 गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | 01 श्रीसुरजीत सिंह गिल स्व0 श्रीदर्शन सिंह गिलनिवासी–वार्डक 13 औ.गंज तह0 गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 02 श्रीनरवल सिंह स्व0 श्री मोहन सिंह निवासी–वार्डक 04 औ.गंज तह0 गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | श्रीमति पिंकी मासोदकर आ0 श्री कृष्णा मासोदकर निवासी–वार्ड क 24, शास्त्री नगर, पाथखेंडा ,जिला–बैतूलम0प्र0 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक एल0आई0जी–14 जिसका क्षेत्रफल 26.24x13.13=344.53 वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र के आधारपर |
| 5 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 139 जिसका क्षेत्रफल 20x30=600 वर्गफिट वार्ड क 15 शारदा नगर औ.गंज तह0 गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | स्व श्री देव किशन माहेश्वरी आ0 स्व श्री गोवर्धन माहेश्वरी निवासी–वार्डक 04 औ.गंज तह0गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | श्री पंकज कुमार माहेश्वरी आ0 स्व श्री देव किशन माहेश्वरी निवासी–वार्डक 15 शारदा नगर औ.गंज तह0गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 139 जिसका क्षेत्रफल 20x30=600 वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र एंव मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 6 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 20 जिसका क्षेत्रफल 20x50=1000 वर्गफिट मारूती नगर वार्ड क 03 ग्राम खिल्लीखेडा औ. गंज तह0 गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | मेसर्स एस आरइंफ्रा एंडडवलपर्स द्वारा पार्टनर श्री दिनेशगुप्ता आ0 श्री प्रतीक कुमार निवासी–भोपाल जिला भोपाल म0प्र0 | श्री अखिल श्रीवास्तव आ0 श्री राघवेन्द्र शरण श्रीवास्तव निवासी– श्री राम जानकी बडा मंदिर कालोनी,गौ.गंज तह0गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय भूखण्ड क्रमांक 20 जिसका क्षेत्रफल 20x50=1000 वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र के आधार पर |
| 7 | आवासीय मकान क्रमांक 03 जिसका क्षेत्रफल 18x40=720 वर्गफिट वार्ड क 05 औ.गंज तह0गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | मेसर्स देव संस डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड 1श्री राजेश अग्रवाल आ0 श्री देवेन्द्र कुमार अग्रवाल 2 श्रीसंजय अग्रवाल आ0 श्री देवेन्द्र कुमार अग्रवाल पता–देव सिटी कालोनी, निवासी–वार्डक 05 औ.गंज तह0गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | श्रीमति गीतागौर पत्नी श्री जगदीश गौर निवासी–ग्राम नयापुरा सोडरपुर गौ.गंज तह0 गौ.गंज जिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय मकान क्रमांक 03 जिसका क्षेत्रफल 18x40=720 वर्गफिट | शपथपत्र एंव विक्रय पत्र के आधार पर |
| 8 | आवासीय मकान (डुप्लेक्स) भूखण्ड क्रमांक 03 जिसका क्षेत्रफल 18x40=720 वर्गफिट देव सिटी कालोनी, वार्डक 05 औ.गंज तह0गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | श्रीमतिगीतागौरपत्नीश्रीजगदीशगौरनिवासी–ग्रामनयापुरासोडरपुरगौ.गंज तह0गौ. गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | 1 रोशनीपवारपुत्री श्रीनत्थुरोडलेपवार 2 कमलपवार आ0 श्रीनत्थुरोडलेपवारनिवासी–मकान न0 24 देवसिटीकालोनी, वार्डक 05 औ.गंज तह0गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय मकान (डुप्लेक्स) भूखण्डक्रमांक 03 जिसका क्षेत्रफल18x40=720वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र के आधार पर |
| 9 | आवासीय मकान (डुप्लेक्स) भूखण्ड क्रमांक 04 जिसका क्षेत्रफल 18x40=720 वर्गफिट देवसिटी कालोनी, वार्डक 05 औ. गंज तह0गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | मेसर्स देव संसडेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड 1श्री राजेश अग्रवाल आ0 श्री देवेन्द्र कुमार अग्रवाल 2 पी0ओ0 धारक श्रीसंजय अग्रवाल आ0 श्री देवेन्द्र कुमार अग्रवाल पता–देव सिटी कालोनी, निवासी–वार्डक 05 औ.गंज तह0 गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | श्री रवि शंकर प्रजापति आ0 श्री दयाल प्रजापति निवासी– म0न0 181,वार्ड न0 13, एन.एच– 12 गवर्मेन्ट स्कूल के सामने ग्राम अमोदा, तह0 गौ.गंजजिला–रायसेन म0प्र0 | आवासीय मकान (डुप्लेक्स) भूखण्ड क्रमांक 04 जिसका क्षेत्रफल 18x40=720 वर्गफिट | शपथ पत्र एंव विक्रय पत्र के आधार पर |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद औबेदुल्लागंज

## सोशल मीडिया से






100 से अधिक इज़राइली बंधक हम छुड़ा चुके है और तब तक इन्हें मारते रहेंगे जब तक एक भी बंधक हमास के पास है दुनिया हमसे यह ना कहे कि इसराइल हमले रोक दे दुनिया हमास से कहे कि वह सभी बंधकों को इसराइल को वापस कर दे ङ्क बेंजामिन नेतन्याहू नेतन्याहू ने अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को सम्बोधित किया वह इतिहास में दर्ज हो चुका है। एक भाषण ने पूरी दुनिया के वामपंथी-धार्मिक कट्टरपंथियों के चीथड़े उड़ा दिये। बेंजामिन नेतन्याहू के इस भाषण के बाद पूरी दुनिया के वामपंथियों में दहशत का माहौल है

## परिधि और लवी का मध्य प्रदेश महिला राज्य अकादमी में चयन..



कालापीपल(बबलू जायसवाल)खेल एवं युवा कल्याण संचनालय भोपाल द्वारा चलाये जा रहे,कलापीपल (शाजापुर)हॉकी फीडर सेंटर की दो खिलाड़ियों परिधि मेवाड़ पिता जीवन मेवाड़ा और लवी सेन पिता कृपाशंकर सेन का चयन भारत की श्रेष्ट हॉकी अकादमी ग्वालियर मध्यप्रदेश में चयन हुआ,हॉकी फीडर सेंटर शाजापुर (कलापीपल)कोच देवेंद्र सिंह परमार ने बताया कि हॉकी फीडर सेंटर शाजापुर की खिलाड़ी परिधि मेवाड़ और लवी सेन अब महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर के मुख्य कोच परमजीत बरार के संरक्षण मैं ड्डश्चठ्ठ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे,दोनों खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश द्वारा निःशुल्क उच्च स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण,खेल उपकरण,खेल अनुरूप डाइट,शिक्षा,स्वास्थ बीमा,आवास और लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी,दोनों खिलाड़ियों की चयन की खबर लगते ही उनके परिवार गण व समस्त खिलाड़ियों को खुशी का ठिकाना भी रहा,दोनों खिलाड़ियों ने बताया कि हमारे चयन में ज़िला खेलएवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी रवींद्र हर्दिया,सेवानिवृत व्यायाम शिक्षक कमल परमार,धरमसिंह वर्मा,क्रीड़ा अधिकारी ओजा जी,हॉकी कोच देवेंद्र सिंह परमार, विक्रांत शिन्दे,निशा राठौर और अपने माता-पिता का सहयोग और मेहनत रही.. !

## एक करोड़ इंटर्नशिप से भारत के युवा मजबूतः विश्वविजय सिंह



भाजपा भोपाल के जिला आईटी संयोजक विश्वविजय सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने 500 कंपनियों में एक करोड़ इंटर्नशिप की घोषणा की है. युवाओं को रोजगार देने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण कदम है. इससे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने की उम्मीद है. युवाओं के लिए एजुकेशन लोन की भी व्यवस्था की गयी है. अपने बजट के केंद्र में युवा, रोजगार, कौशल विकास और लघु एवं मध्यम उद्योग को रखा है. उन्होंने मध्य वर्ग को कर में राहत देने की कोशिश की है, युवाओं के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो वित्त मंत्री जी ने नये अवसर देने के रास्ते खोले हैं. उद्योगों को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## टैक्सवाद का आतंक

आप कमाते हैं? ठीक है, 10 प्रतिशत -30 प्रतिशत टैक्स दीजिए।

बचे हुए 70-80 प्रतिशत पैसे का क्या करेंगे?

खर्च करेंगे? ठीक है, 12 प्रतिशत से लेकर 28 प्रतिशत टैक्स खर्चे पर भी दीजिए।

सेविंग करते हैं? ठीक है, बचत पर भी 10प्रतिशत से लेकर 20 प्रतिशतटैक्स दीजिए।

कार ख़रीदेंगे? बहुत बढ़िया, आपको कार की क़ीमत का 50 प्रतिशत तक टैक्स देना होगा।

घूमने जाते हैं, रेल, हवाई जहाज़, बस की टिकिट पर 28 प्रतिशत तक जीएसटी दीजिए।

अपनी कार से जाते हैं तो हर 50 किलोमीटर पर टोल टैक्स दीजिए। और हाँ पेट्रोल डीजल पर वैट अलग देना है।

टेंशन हो गई? दारू पीनी पड़ेगी?

कोई बात नहीं, दारू पर तो 70-80 प्रतिशत टैक्स है।

बीमार पड़ोगे? वहाँ भी कहाँ बचोगे, दवाई से लेकर अस्पताल के बिल तक पर त्नस्ञ्ज लगेगा।

जहां तेरी ये नज़र है, मेरी जाँ मुझे खबर है..बच न पाया कोई, आये कितने, लंबे हैं मेरे हाथ इतने

नोट- हमारे यहाँ टैक्स यूरोप जैसा लगाया जाता है और सुविधाएँ अफ़्रीका जैसी दी जाती हैं।

# राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का बदला नाम, प्रियंका गांधी ने जताई अपत्ति

नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के अंदर स्थित दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदल दिया गया है। राष्ट्रपति भवन के द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक, दरबार हॉल का नाम अब गणतंत्र मंडप और अशोक हॉल का नाम अशोक मंडप होगा। दरबार हॉल वह जगह है, जहां राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जबकि अशोक हॉल मूल रूप से एक बॉलरूम था। सरकार ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि दरबार जिसका तात्पर्य भारतीय शासकों और अंग्रेजों की अदालतों और सभाओं से है, भारत के गणतंत्र बनने के बाद प्रासंगिकता खो चुका है। बयान में कहा गया, गणतंत्र की अवधारणा प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में गहराई से शामिल है, इसलिए इस %गणतंत्र मंडप% इस जगह का एक सही नाम है।





### दो साल पूरे होने पर राष्ट्रपति मुर्मू का फैसला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के करीब दो साल बाद राष्ट्रपति भवन के दो हॉल का नाम बदला है। राष्ट्रपति भवन में 340 कमरे हैं। इनके अलावा कई विशाल हॉल हैं, इनमें दरबार हॉल भी है। इसी हॉल में सभी सरकारी आयोजन होते हैं। वहीं अशोक हॉल जिसमें औपचारिक बैठकें होती हैं। राष्ट्रपति, विदेशी राजदूतों के लेटर स्वीकार करती हैं। अब दोनों ही हॉल को क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप के नाम से जाना जाएगा।

### प्रियंका गांधी का पलटवार

दरबार हॉल का नाम बदले जाने के बाद कांग्रेस लीडर प्रियंका गांधी ने मोदी सरकार पर पटलवार किया है। उन्होंने कहा, दरबार की कोई अवधारणा नहीं है, लेकिन %शहंशाह% की अवधारणा है।

### नाम बदलने पर सरकार ने दलीलें

अशोक हॉल का नाम बदलने के फैसले पर सरकार ने कहा कि अशोक मंडप नाम भाषा में एकरूपता लाता है और अंग्रेजीकरण के निशान मिटाता है और इसके साथ ही अशोक शब्द से जुड़े मूल मूल्यों को भी बरकरार रखता है। इसके अलावा बयान में कहा गया है, अशोक शब्द का अर्थ है- वह व्यक्ति जो सभी कष्टों से मुक्त हो या किसी भी दुख से ना जुड़ा हो। इसके साथ ही, अशोक% का मतलब सम्राट अशोक से है, जो एकता और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का प्रतीक हैं। भारत गणराज्य का राष्ट्रीय प्रतीक सारनाथ में अशोक का सिंह शीर्ष है। यह शब्द अशोक वृक्ष को भी संदर्भित करता है, जिसका भारतीय धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ कला और संस्कृति में भी गहरा महत्व है।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 30 जून, को समाप्त अवधि में दर्ज किया

### 7,033 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय प्रीमियम

मुंबई , एजेंसी। देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 30 जून, 2024 को समाप्त अवधि के दौरान 7,033 करोड़ रुपये का नया व्यवसाय प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 30 जून, 2023 को समाप्त अवधि के दौरान यह 6,207 करोड़ रुपये था। 30 जून, 2023 को समाप्त इसी अवधि के मुकाबले नियमित प्रीमियम में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

एसबीआई लाइफ के सुरक्षा (प्रोटेक्शन) पर स्पष्ट रूप से ध्यान देने के मद्देनजर, कंपनी का प्रोटेक्शन से संबद्ध नया व्यवसाय प्रीमियम, 30 जून, 2024 को समाप्त अवधि के दौरान 720 करोड़ रुपये रहा। प्रोटेक्शन इंडिविजुअल नया व्यवसाय प्रीमियम 30 जून, 2024 को समाप्त अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये रहा। इंडिविजुअल नया व्यवसाय प्रीमियम 30 जून, 2023 को समाप्त इसी अवधि की तुलना में 17 प्रतिशत वृद्धि के साथ 4,749 करोड़ रुपये रहा। एसबीआई लाइफ का कर पश्चात लाभ 30 जून, 2024 को समाप्त अवधि के दौरान 520 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का सॉल्वेंसी अनुपात 30 जून, 2024 को 2.01 के स्तर पर मज़बूत बना रहा, जबकि नियामक अनिवार्यता 1.50 है।एसबीआई लाइफ के एयूएम भी वृद्धि जारी रही और यह 30 जून, 2024 तक 26 प्रतिशत बढ़कर 4,14,772 करोड़ रुपये हो गया जो 30 जून, 2023 को 3,28,283 करोड़ रुपये था, जिसमें ऋ्रष्ठा-इक्विटी मिश्रण 62-38 है। 95 प्रतिशत से अधिक ऋ्रष्ठा निवेश, एएए और सॉवरेन इंस्ट्रूमेंट में है। कंपनी के पास 3,27,038 प्रशिक्षित बीमा पेशेवरों का विविधीकृत वितरण नेटवर्क है और देश भर में 1,062 ऑफिस के साथ इसकी उपस्थिति व्यापक है, जिसमें मज़बूत बैंकेश्योरेंस चैनल, एजेंसी चैनल और कॉर्पोरेट एजेंट, ब्रोकर, पॉइंट ऑफ सेल पर्सन (पीओएस), बीमा मार्केटिंग फर्म, वेब एग्रीगेटर और प्रत्यक्ष व्यवसाय शामिल हैं।

# यूथ आइडियाथॉन 2024: सीबीएसई ने स्कूली विद्यार्थियों के लिए भारत की सबसे बड़ी उद्यमशीलता प्रतिस्पर्धा लांच की




नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के अग्रणी उद्यमशीलता शिक्षा प्लेटफॉर्म थिंकस्टार्टअप और कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतर्गत मैनेजमेंट आंत्रप्रिन्योरशिप प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल (एमईपीएससी) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के साथ मिलकर यूथ आइडियाथॉन (वाईआई24) का चौथा संस्करण लांच करने की आज घोषणा की। इस प्रतिष्ठित स्कूल स्तरीय नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता उत्सव का लक्ष्य देशभर में युवाओं में रचनात्मकता को तराशना और उद्यमशीलता की भावना पैदा करना है।

इस वर्ष के यूथ आइडियाथॉन की थीम है स्टार्टअप भारत के लिए अच्छी चीज़ है। पांच चरणों वाली यह प्रतिस्पर्धा शुरुआती चरणों में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी और यह दो वर्गों- जूनियर (कक्षा 4 से कक्षा 8) और सीनियर (कक्षा 9 से कक्षा 12) में देशभर के सभी स्कूली विद्यार्थियों के लिए खुली है। विद्यार्थी अपने स्कूल से 3 से 5 सदस्यों की टीमों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह 6 अक्टूबर, 2024 को एक भव्य समारोह में संपन्न होगी। पिछले वर्ष के यूथ आइडियाथॉन ने 8000 से अधिक स्कूलों से 1.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को आकर्षित किया था और वर्ष 2024 में इसने 10,000 स्कूलों से 2 लाख से अधिक विद्यार्थियों के प्रतिभाग का लक्ष्य रखा है।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तहत सीबीएसई के निदेशक (कौशल शिक्षा एवं प्रशिक्षण) डाक्टर बिस्वजीत साहा ने कहा, उद्यमशीलता इस नई शिक्षा नीति 2020 का एक आवश्यक स्तंभ है और भारत सरकार ने सभी विद्यार्थियों में उद्यमशीलता की सोच पैदा करने के लिए कई कदम उठाए हैं। यूथ आइडियाथॉन प्लेटफॉर्म विद्यार्थियों को साहस के साथ सोचने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की सहूलियत देता है। सिडबी (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) की उप महाप्रबंधक ममता कुमारी ने कहा, यूथ आइडियाथॉन 2024 जैसी पहल युवा मस्तिष्कों में उद्यमशीलता की भावना पोषित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारे प्रयासों के जरिए हमने टेक्नोलॉजी, वेबसाइट प्रबंधन, कंटेंट निर्माण, डिजिटल मार्केटिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में स्कूली विद्यार्थियों को व्यवहारिक अनुभव उपलब्ध कराते हुए उनके लिए 200 से अधिक इंटर्नशिप का सृजन किया है। थिंकस्टार्टअप की सह संस्थापक शिवानी सिंह कपूर के मुताबिक, यदि आपको भविष्य में रोजगार का सृजन करने वाले लोग तैयार करने हैं

# भारत में प्रीमियम अर्बन एसयूवी सेगमेंट में नए बेंचमार्क बनेंगे




भारत में प्रीमियम अर्बन एसयूवी सेगमेंट में नए बेंचमार्क बनेंगे। चौथी जनरेशन की निसान एक्स-ट्रेल 'मेड इन जापान' है और इसे विशेष रूप से निसान के प्रशंसकों के लिए बनाया गया है। इसे ऐसे ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो रिफाइंड ड्राइविंग एक्सपीरियंस चाहते हैं और स्पेस यूटिलाइजेशन के मामले में वर्सटैलिटी के साथ डिजाइन एवं इंजीनियरिंग में जापान की क्राफ्टमैनशिप के प्रशंसक हैं। निसान के दो दशक पुराने एवं मजबूत एसयूवी डीएनए व विरासत के साथ बनाई गई चौथी जनरेशन की एक्स-ट्रेल की लॉन्चिंग के साथ भारत में निसान के सीबीयू (कम्प्लीटली बिल्ट यूनिट) कारोबार की भी फिर से शुरुआत होने जा रही है। इसमें ग्राहकों को सर्वोपरि रखने की उत्पाद रणनीति को अपनाया जाएगा। निसान एक्स-ट्रेल अभी 150 से ज्यादा देशों में उपलब्ध है और अपनी शुरुआत से अब तक दुनियाभर में 78 लाख यूनिट से ज्यादा की बिक्री के साथ इसने उल्लेखनीय पड़ाव पार किया है।

एएमआईईओ रीजन बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट एवं निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट फ्रेंक टोरेस ने कहा, 'निसान के लिए भारत सर्वाधिक संभावनाओं वाले बाजारों में से एक है और इसीलिए निसान की वैश्विक रणनीति में इसकी खास जगह है। नई 4ह्लद्ध जनरेशन निसान एक्स-ट्रेल की आधिकारिक लॉन्चिंग भारत में निसान के सीबीयू कारोबार की रीलॉन्चिंग का भी प्रतीक है। यह लॉन्चिंग भारत के लिए हमारी नई ब्रांड रणनीति की दिशा में उल्लेखनीय पड़ाव है और इससे भारत के समझदार ग्राहकों के बीच निसान के ग्लोबल एसयूवी पोर्टफोलियो के सर्वश्रेष्ठ मॉडल्स की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।'

फ्रेंक ने आगे कहा, 'भारत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत हम भारत में ही डिजाइन, विकसित एवं निर्मित किए गए नए मॉडल्स पेश करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। एआरसी (आर्क) के नाम से हमारे ग्लोबल बिजनेस प्लान के अनुरूप हम आर्क पीरियड 2024 से 2026 के दौरान भारतीय बाजार में तीन नए मॉडल पेश करने के लिए तैयार हैं, ताकि देश की क्षमता का अधिकतम उपयोग किया जा सके। ये तीन मॉडल्स भारत और दुनिया में पेश किए गए एक्स-ट्रेल एवं मैग्नाइट के अलावा होंगे। यह निसान को भारतीय कार उद्योग में एक महत्वपूर्ण कंपनी के रूप में स्थापित करने की हमारी रणनीति का हिस्सा है। निसान अपने डायनामिक ग्राहकों की नब्ज को पहचानती है और उनकी लगातार बदलती जरूरतों को पूरा करने में आगे रहती है।'

# वाहन क्षेत्र में पासा पलटने वाली होगी एआई इंटीग्रेशन एवं न्यू एज इन व्हीकल टेक्नोलॉजीज़




नई दिल्ली, एजेंसी। कनेक्ट वर्ल्डवाइड बिज़नेस मीडिया द्वारा आयोजित ईवी एंड ऑटो टेक इन्नोवेशन फोरम में एकत्रित हुए उद्योग विशेषज्ञों के मुताबिक, एडीएएस, एआई, सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहनों, इलेक्ट्रिक वाहनों, इन-व्हीकल कनेक्टिविटी और कनेक्टेड व्हीकल जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां वाहन उद्योग में पासा पलटने जा रही हैं। इस एक दिवसीय आयोजन में वाहनों का सॉफ्टवेयरीकरण या सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहन (एसडीवी) ने भारत में वाहन उद्योग को लेकर चिंतन करने वाले नेताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इस फोरम में प्रमुख उद्योगपतियों और भागीदारों ने प्रतिभाग किया और भारत में वाहन उद्योग की भावी रूपरेखा पर चर्चा की। इस फोरम के दौरान, उद्योग के नेताओं ने वाहन उद्योग में धमाल मचा रहे कनेक्टेड व्हीकल्स एवं ईवी में सॉफ्टवेयर एकीकरण के साथ ही पैसेंजर कारों की कनेक्टेड मोबाइल टेक्नोलॉजीज़ में उभरते नवप्रवर्तन को लेकर गहन चर्चा की। यह ईवी एंड ऑटोटेक इन्नोवेशन फोरम 2024, अगले एक दशक में दोपहिया वाहन के ऑटोटेक रुख, हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर एकीकरण, ईवी बैटरी टेक्नोलॉजी में उभरती रूपरेखा और सॉफ्टवेयर परिभाषित वाहनों एवं एडीएएस के प्रमुख रुखों पर केंद्रित रहा। पैनल परिचर्चा में हिस्सा लेने वाले कुछ प्रमुख उद्योगपतियों में मीडियाटेक की ऑटोमोटिव प्लेटफॉर्म बिजनेस यूनिट के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष डाक्टर माइक चांग, मारुति सुजुकी के वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं आईवीआई के प्रमुख अवनीश गोसांई, मीडियाटेक के उपाध्यक्ष (आईओटी बीयू) सीके वांग, जियो के उपाध्यक्ष एवं आईओटी के वर्टिकल हेड मोहन राजू, टीवीएस के उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) पराग अशोक ईनामदार और वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज़ के उपाध्यक्ष (आटोमोटिव) बालाजी राघवन आदि शामिल रहे।

# तनिष्क के फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स में प्राकृतिक हीरों की अद्भुत जादू का अनुभव करें

मुंबई, एजेंसी। भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क में मनाया जा रहा है फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स। अपनी खुद की खुशी मनाइए और जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पलों के जश्न को हीरों जैसा चमकीला और यादगार बनाइए। प्राकृतिक हीरों की अद्भुत जादू का अनुभव करें और उनकी कालातीत खूबसूरती से अपने आप को सजाइए। खुशियां मनाने के लिए कुछ बड़ा होने का इंतज़ार मत कीजिए, तनिष्क में आपका स्वागत है, आइए और हीरों की आकर्षक खूबसूरती के साथ अपनी ज़िन्दगी में नयी खुशियां लेकर आइए। तनिष्क के फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स में 10,000 से ज़्यादा प्राकृतिक हीरों के आभूषणों के डिज़ाइन शामिल किए गए हैं। हर पसंद और हर प्रसंग की आवश्यकता यहां पूरी होगी। क्लासिक शान दर्शाने वाले कालातीत सॉलिटेयर्स से लेकर अतुलनीय कारीगरी वाले नाजुक मल्टी-स्टोन डिज़ाइन तक हर आभूषण को बहुत ही बारीकी से बनाया गया है, हीरों की प्राकृतिक सुंदरता और उत्कृष्टता को उजागर किया गया है।

# बाग प्रिंट कला: मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर





### श्रीमती सिंधिया ने मध्यप्रदेश के हस्तशिल्पियों को सराहा

भोपाल। नई दिल्ली में आयोजित यूनेस्को विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी श्रीमती प्रियदर्शनी राजे सिंधिया ने मध्यप्रदेश की बाग प्रिंट कला के स्टाल का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने खुद बाग प्रिंट का ठप्पा भी लगाया और इस पारंपरिक कला की बारीकियों को समझा। श्रीमती सिंधिया ने उत्कृष्ट कारीगरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाग प्रिंट मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हस्तशिल्पकार श्री युसूफ खत्री और नेशनल अवार्डी श्री बिलाल खत्री ने महारानी को बाग प्रिंट कला के नवाचारी उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारत मंडपम, नई दिल्ली में यह सत्र 31 जुलाई तक जारी रहेगा।






भोपाल। कारगिल विजय दिवस पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव शौर्य स्मारक पहुंचे। वहां उन्होंने शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। यहां उन्हें एनसीसी एलुमिनी एसोसिएशन की ओर से सम्मान पत्र सौंपा गया।



# भोपाल में तेज बारिश

## रायसेन में दो फीट तक जलभराव, रतलाम में घरों में घुसा पानी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून एक्टिविटी की वजह से भोपाल, गुना और विदिशा में शुक्रवार सुबह से तेज बारिश हो रही है। रायसेन में दो फीट तक जलभराव हुआ है। उज्जैन और राजगढ़ में हल्की बारिश है। रतलाम में गुरुवार रात भारी बारिश का पानी घर-दुकानों में घुस गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में भोपाल समेत 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल संभाग के सीहोर, रायसेन, राजगढ़ के अलावा आगर मालवा, सागर, मंदसौर, नीमच, अशोकनगर और गुना में बाढ़ की चेतावनी जारी की है।



राजधानी में कल शाम से बारिश जारी है। बादलों का स्थाई डेरा बना हुआ है और कभी कम तो कभी तेज बारिश हो रही है। शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया है। एक दर्जन से अधिक बस्तियां जलमग्न हो गई हैं। पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। घरों में भी पानी भर गया है। इसके चलते लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। कई बस्तियों की सड़कों पर एक फुट से भी ज्यादा पानी भरा हुआ है। वाहन चलाने में भी मुश्किल हो रही है।

मध्यप्रदेश में अब तक सामान्य 15.2 इंच बारिश हो चुकी है। यह एवरेज से 1 प्रतिशत ज्यादा है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में एवरेज से 3 प्रतिशत ज्यादा पानी गिर चुका है जबकि पूर्वी हिस्से- रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में 1 प्रतिशत कम बारिश हुई है। हालांकि, लगातार तेज बारिश होने से आंकड़ा बढ़ रहा है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को रायसेन, गुना, श्योपुरकलां, सिवनी, मंडला, बालाघाट, सागर जैसे सात जिलो में अति भारी बारिश की आशंका जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, शिवपुरी, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, रीवा, सतना, अनुपपुर, उमरिया, कटनी, जबलपुर, छिंदवाड़ा, दमोह छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, आगर, ग्वालियर, दतिया, सीथी, मऊगंज, शहडोल, डिंडोरी, नरसिंहपुर, पन्ना जिलों में भी गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने की संभावना जाहिर करते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।







### महापौर ने जलभराव को लेकर चर्चा की

महापौर मालती राय ने आज भोपाल में भारी बारिश को देखते हुए नगर निगम कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और शहर में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

# पैरालंपिक गोल्ड जीतने का सपना लिए भोपाल में पसीना बहा रहे खिलाड़ी, 28 को होंगे रवाना

**भोपाल।** राजधानी के छोटे तालाब स्थित सेंटर में इन दिनों पैरालंपिक खिलाड़ियों में की ट्रैनिंग चल रही हैं। बता दें कि पूजा ओझा, प्राची यादव और यश कुमार पैरा कयाकिंग कैनोइंग में देश का नाम करने के लिए तैयार हैं। यह खिलाड़ी दिन में तीन-तीन बार जीतोड़ मेहनत कर रहे हैं। हर खिलाड़ी की अपनी संघर्ष भरी कहानी है। चाहे वो आर्थिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना हो या आत्मविश्वास को बनाए रखना हो। सभी खिलाड़ी अपना बेस्ट दे रहे हैं। कोच मयंक ठाकुर का कहना है कि मैंने यह देखा है कि दिव्यांग खिलाड़ी मानसिक और भावनात्मक रूप से ज्यादा मजबूत होते हैं।

ट्रैनिंग ले रही पूजा ओझा बताती है कि मैं सिर्फ 5 हजार रुपए ले कर भोपाल ओलिंपिक का सपना लेकर आई थी। मैं आर्थिक और मानसिक रूप से कमजोर थी। शुरू से ही परिवार के हालात ठीक नहीं रहे। अपने जीवन में बहुत संघर्ष कर यहां तक पहुंची हूं। अब बस यही सपना है कि देश के लिए मेडल जीतूं। यहां तक के सफर में पिता का बहुत बड़ा योगदान है। मैं भिंड की रहने वाली हूं। भिंड के गौरी तालाब मेंपैरा कयाकिंग कैनोइंग कैनोइंग प्रतियोगिता को देख कर प्रेरित हुई और प्रैक्टिस के लिए भोपाल आई। मेरे शरीर का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा अपंग है, और इस हालत मैं अपना बेस्ट दे रही हूं।



### आंख में इंफेक्शन, फिर भी प्रैक्टिस जारी रखी

ग्वालियर की रहने वाली प्राची ने कहा कि मैं बचपन से ही दिव्यांग हूं। 10 साल की उम्र में मां गुजर गईं। पिता छोटी-सी सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त हैं। ग्वालियर में थैरेपी ली जिससे शरीर के मूवमेंट में सुधार आया। तब स्विमिंग से शुरुआत की। लेकिन ज्यादा कामयाबी नहीं मिली। कोच के सुझाव पर मैंन कैनोइंग खेल को ज्वाइन किया, जो मेरे लिए बेस्ट रहा। इस खेल में इंटरनेशनल खेलने के लिए काफी पैसा इनवेस्ट करना पड़ा। इसके लिए पिता और कोच ने मदद की। ढ़ाई महीने पहले इंफेक्शन से एक आंख से दिखना बंद हो गया, लेकिन मेरी प्रैक्टिस फिर भी जारी है।

यश कुमार ने कहा कि मुझे बचपन से बॉडी बिल्डिंग का शौक था, लेकिन उसके लिए मैं आर्थिक रूप से तैयार नहीं था। फिर दोस्त के सुझाव पर कयाकिंग कैनोइंग खेल में जाने के लिए सोचा। परिवार से बात की तो शुरू में उन्होंने पढ़ाई कर कॅरियर बनाने के लिए कहा, लेकिन मुझे देश के लिए खेलना था। परिवार से दुबारा बात करने के बाद सब राजी हुए। फिर मैंने कयाकिंग कैनोइंग को ज्वॉइन किया। मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती पैसों को लेकर थी, क्योंकि घर से सिर्फ पांच हजार रुपए खर्च के लिए मिलते थे। उसी में रहना और खाना करना होता था। इतने बजट में डाइट और अन्य चीजों में बहुत दिक्कत आती। अब मैं पैरालंपिक में अपना बेस्ट देने के लिए तैयार हूं।

कोच मयंक ठाकुर ने बताया कि खिलाड़ियों का छोटे तालाब पर प्रैक्टिस कैंप लगा है। सभी खिलाड़ी 28 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होंगे। पेरिस में पांच दिन का प्रैक्टिस सेशन होगा, जिससे वहां के मौसम का अनुमान हो जाए और खिलाड़ियों को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। कॉम्पिटिशन के लिए वर्ल्ड की बेस्ट बोट को बुक कर दिया है। यहां से सिर्फ एक ही बोट को ले जाया जा रहा है। कोच मयंक का कहना है कि ऐसा पहली बार है कि पैरा कयाकिंग कैनोइंग में भारत के तीन खिलाड़ी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष ओसाफ़ शाहमीरी खुर्रम का निधन



**भोपाल।** आल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष औसाफ़ शाहमीरी खुर्रम साहब का इंतेकाल हो गया है। बाद नमाजे असीर बडे बाग के शेड में नमाजे जनाजा अदा की जाएगी और बड़े बाग कब्रस्तान में सुपुर्द खाक किया जाएगा।